• जयपुर, बुधवार 18 मार्च 26 •वर्ष 15 • अंक 145 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIN/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझुनूं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, ब्यावर, जालोर, करौली, नागौर बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**
''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''
● **स्वामी विवेकानंद**

पेज @3 कोटा से बारात में आए युवक का डीजे पर नाचने की बात को लेकर हुआ...
पेज @4 विकास कार्यों के उद्घाटन के साथ रंगबिरंगी गुलाल व पन्नियां...
पेज @8 पीर की जाल में उर्स मेले की तैयारियां जोरों पर...

# पाकिस्तान की अफगानिस्तान पर एयरस्ट्राइक, 400 की मौत-250 घायल, अस्पताल पर की बमबारी

**काबुल/एजेंसी।**

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सोमवार रात पाकिस्तान द्वारा अफगानिस्तान की राजधानी काबुल पर एयरस्ट्राइक किए जाने का दावा किया गया है। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि पाकिस्तानी एयरफोर्स के लड़ाकू विमानों ने काबुल के कई इलाकों को निशाना बनाया, जिनमें एक अस्पताल भी शामिल बताया जा रहा है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक इस हमले में लगभग 400 लोगों की मौत और 250 से अधिक लोगों के घायल होने की खबर है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार दारुलअमान, अरजान कीमत, खैरखाना और काबुल इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आसपास कई जगहों पर धमाकों और गोलीबारी की आवाजें सुनी गईं। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने आरोप लगाया है कि पाकिस्तानी सेना ने काबुल में एक नशा मुक्ति अस्पताल को निशाना बनाते हुए बम गिराए। तालिबान प्रशासन ने इस हमले की कड़ी



निंदा की है और इसे मानवता के खिलाफ अपराध बताया है। साथ ही कहा गया है कि यह अफगानिस्तान के एयरस्पेस का उल्लंघन है। अफगानिस्तान सरकार के डिप्टी प्रवक्ता हमदुल्लाह फितरत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर जानकारी दी कि यह हमला स्थानीय समयानुसार रात करीब 9 बजे हुआ। रिपोर्ट्स के मुताबिक जिस अस्पताल को निशाना बनाया गया, वह करीब 2000 बेड की क्षमता वाला बताया जा रहा है और उसे भारी नुकसान पहुंचा है।
मीडिया टीमें जब घटनास्थल पर पहुंचीं तो अस्पताल के कुछ हिस्सों में आग लगी हुई थी। मौके से 30 से अधिक शवों को स्ट्रेचर के जरिए बाहर ले जाते देखा गया। अस्पताल अधिकारियों के अनुसार वहां बड़ी संख्या में मरीज मौजूद थे, इसलिए मृतकों और घायलों की संख्या बढने् की आशंका है। अफगानिस्तान के क्रिकेटर राशिद खान ने भी इन हमलों की निंदा की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि काबुल में हुए हवाई हमलों से लोग बेहद दुखी हैं और इनमें कई निर्दोष नागरिकों की जान चली गई। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ हमले घरों, स्कूलों और अस्पतालों के आसपास हुए। अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार नागरिक इलाकों पर हमला करना युद्ध अपराध माना जाता है, चाहे वह जानबूझकर किया गया हो या गलती से। खासकर रमजान के पवित्र महीने के दौरान हुई इस घटना ने लोगों में और ज्यादा दुख और आक्रोश पैदा कर दिया है। स्थानीय लोगों ने संयुक्त राष्ट्र (ह) और मानवाधिकार संगठनों से इस मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

## न्यूज़ अपडेट

### जनता को पीएम मोदी और एनडीए पर विश्वास, हर जगह लहराएगा भाजपा का परचम : कंगना रनौत

**शिमला/एजेंसी।** एनडीए के सांसदों ने असम, पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में होने वाले विधानसभा चुनावों में जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा कि जनता को पता है कि कौन सी सरकार इनका विकास कर सकती है, इसीलिए एनडीए को जिताएगी। भाजपा सांसद कंगना रनौत ने चुनावी तारीखों की घोषणा के बाद कहा, हम निश्चित रूप से जीतेंगे। सारे कार्यकर्ता इस काम में जुट गए हैं और हर जगह हम भाजपा का परचम लहराएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में नई परियोजनाओं का उद्घाटन हो रहा है और जनता को भरोसा रखना चाहिए। महंगाई और एलपीजी संकट से संबंधित अफवाहों को गलत बताते हुए जनता से प्रधानमंत्री पर विश्वास रखने की अपील की।
कंगना ने कहा कि जनता विपक्ष के बहकावे में नहीं आने वाली है। जनता को एनडीए की सरकार और प्रधानमंत्री पर विश्वास है। विपक्ष को जनता के हित में सोचना चाहिए।
एलपीजी आपूर्ति को लेकर केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी ने कहा कि सरकार इस समस्या से निपटने के लिए वैकल्पिक उपाय तलाश रही है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें आलोचना करने के बजाय जनता के खाने-पीने के मामलों में सहयोग देना चाहिए।
सुरेश गोपी ने पश्चिम एशिया के मुद्दे के कारण उत्पन्न कठिनाई का हवाला देते हुए जनता से संयम और अच्छे नतीजों की प्रतीक्षा करने का आग्रह किया।

पहली लिस्ट में दिग्गजों के नाम फाइनल

# बंगाल की 114 और केरल की 47 सीटों पर बीजेपी ने उतारे उम्मीदवार

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

आगामी विधानसभा चुनावों में जीत का परचम लहराने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपनी राजनीतिक बिसात बिछानी शुरू कर दी है। पार्टी ने एक बड़ा कदम उठाते हुए पश्चिम बंगाल और केरल के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली और अहम सूची जारी कर दी है। इस लिस्ट में पश्चिम बंगाल की 114 और केरल की 47 महत्वपूर्ण सीटों पर उम्मीदवारों के नामों पर मुहर लगा दी गई है। चुनाव की तारीखों से पहले ही बीजेपी की इस बड़ी घोषणा ने दोनों राज्यों में राजनीतिक सरगर्मियां तेज कर दी हैं और चुनावी रणभेरी बज चुकी है।

**● बंगाल में 114 सीटों पर फोकस**

पश्चिम बंगाल की सत्ता तक पहुंचने के लिए बीजेपी अपनी पूरी ताकत झोंक रही है। पार्टी ने जिन 114 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं, उनमें उन क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है जहां पिछले चुनावों में पार्टी का प्रदर्शन शानदार रहा था। आलाकमान ने जहां एक तरफ अपने पुराने और कद्दावर नेताओं पर फिर से भरोसा जताया है, वहीं सत्ता विरोधी लहर (एंटी-इन्कंबेंसी) की संभावनाओं को खत्म करने के लिए कई सीटों पर युवा और नए चेहरों को भी चुनावी मैदान में उतारा है। रणनीतिकारों का मानना है कि इतनी जल्दी उम्मीदवारों का ऐलान करने से नेताओं को अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में जनता से जुडने् और प्रचार करने का पर्याप्त समय मिल जाएगा।




**● दांव पर दिग्गजों की साख**

बंगाल और केरल में बीजेपी के उम्मीदवारों की इस लिस्ट के सामने आने के बाद मुकाबला बेहद दिलचस्प हो गया है। बंगाल में टीएमसी (ञ्जरूष्ट) और केरल में वामपंथी दलों के खिलाफ बीजेपी ने एक बे-हद मजबूत चक्रव्यूह रच दिया है। टिकट बंटवारे में इस बात पर सबसे ज्यादा जोर दिया गया है कि संबंधित नेता की स्थानीय स्तर पर जनता के बीच अच्छी और मजबूत पकड़ हो। आने वाले कुछ ही दिनों में बाकी बची हुई सीटों पर भी उम्मीदवारों के नामों का ऐलान होने की पूरी संभावना है, जिसके बाद दोनों राज्यों में चुनावी रैलियों और प्रचार अभियान में और भी ज्यादा तेजी देखने को मिलेगी।

### केरल में 47 सीटों से वामपंथी किले में सेंध लगाने की तैयारी

दक्षिण के अहम राज्य केरल में भी अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने के लिए बीजेपी ने 47 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। राज्य में एलडीएफ (रुष्ठस्न) और यूडीएफ (ठ्ठस्न) के पारंपरिक वर्चस्व को चुनौती देने के लिए पार्टी ने एक खास रणनीति तैयार की है। यहां टिकट वितरण में जातिगत समीकरणों के साथ-साथ 'मेट्रो मॉडल' और विकास के एजेंडे को मुख्य आधार बनाया गया है। यही वजह है कि पार्टी ने पूर्व नौकरशाहों और जमीनी स्तर पर काम करने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी चुनावी समर में उतारा है। बीजेपी को उम्मीद है कि ये 47 उम्मीदवार केरल के दक्षिणी और मध्य इलाकों में पार्टी के वोट बैंक में सेंधमारी करने में कामयाब होंगे।

### बिहार राज्यसभा चुनाव में एनडीए का शानदार प्रदर्शन, नीतीश-नितिन और उपेंद्र कुशवाहा सहित पांचों उम्मीदवार जीते

**पटना/एजेंसी।** बिहार में राज्यसभा चुनाव में एनडीए के सभी पांचों प्रत्याशी चुनाव जीत गए हैं। सोमवार की शाम को मतगणना के बाद एनडीए के सभी उम्मीदवार नीतीश कुमार, नितिन नवीन, उपेंद्र कुशवाहा, रामनाथ ठाकुर और शिवेश राम को विजयी घोषित किया गया।
?बताया गया कि एनडीए के पांचवें उम्मीदवार शिवेश कुमार को द्वितीय वरीयता के आधार पर जीत मिली है, लेकिन उन्होंने सबसे अधिक मत प्राप्त किया। चुनाव में महागठबंधन की ओर से राजद ने अमरेंद्र धारी सिंह को मैदान में उतारा था, जिसके बाद पांचवीं सीट को लेकर पेंच फंस गया था।
?राज्यसभा चुनाव के कारण बिहार की राजनीति में कई बड़े बदलाव होना तय है। नीतीश कुमार के ऊपरी सदन में जाने से राज्य का मुख्यमंत्री पद छोडना् पड़ेगा।
?इधर, जीत के बाद जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने सभी उम्मीदवारों को बधाई देते हुए कहा कि यह पहले से तय था। हम लोगों ने इससे पहले विधानसभा चुनाव में भी एकजुटता के साथ लड़ा था और आज इस चुनाव का परिणाम भी सबके सामने है।
इधर, विपक्ष ने सत्ता पक्ष पर खरीद-फरोख्त का आरोप लगाया है। ?बताया गया कि इस चुनाव में एक सीट जीतने के लिए 41 वोट की आवश्यकता थी, लेकिन महागठबंधन के चार विधायक मतदान में शामिल नहीं हुए। इनमें कांग्रेस के तीन और राजद के एक विधायक शामिल बताए गए हैं। इस अनुपस्थिति ने चुनावी गणित को पूरी तरह बदल दिया। ?एनडीए के सभी 202 विधायकों ने वोट डाला, जबकि विपक्षी महागठबंधन के चार विधायकों ने मतदान नहीं किया। राज्यसभा चुनाव का परिणाम महागठबंधन के लिए बड़ा राजनीतिक झटका माना जा रहा है। हालांकि, इस चुनाव में एआईएमआईएम के पांच विधायकों का महागठबंधन को समर्थन प्राप्त हुआ। ? ?दरअसल, बिहार के राज्यसभा सदस्य जिनका कार्यकाल अप्रैल को समाप्त हो रहा है, उनमें अमरेंद्र धारी सिंह, प्रेमचंद गुप्ता, रामनाथ ठाकुर, उपेंद्र कुशवाहा एवं राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह हैं।

हनुमानगढ़ में भीषण सड़क हादसा :

### बस और ट्रक की भिड़ंत में 5 की मौत, कई घायल, पूर्व सीएम गहलोत ने जताया दुख



**हनुमानगढ़/एजेंसी।** राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले से आज सुबह एक हृदयविदारक खबर सामने आई है। रावतसर क्षेत्र के पास मेगा हाईवे पर एक निजी बस और ट्रक के बीच हुई आमने-सामने की भीषण भिड़ंत में 5 लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस के परखच्चे उड़ गए और मौके पर चीख-पुकार मच गई। सुबह 7 बजे बरमसर के पास हुआ हादसा जानकारी के अनुसार, यह भीषण दुर्घटना मंगलवार सुबह करीब 7:00 बजे रावतसर क्षेत्र के बरमसर के पास घटित हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, तेज रफ्तार बस और ट्रक की सीधी टक्कर हुई, जिससे बस का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोग मदद के लिए दौड़े और पुलिस को सूचना दी।
प्रशासनिक कार्रवाई और राहत कार्य घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी सुभाष गोदारा और थाना प्रभारी ईश्वरानन्द पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। राहत एवं बचाव कार्य शुरू करते हुए घायलों को तुरंत एंबुलेंस के जरिए नजदीकी अस्पताल पहुँचाया गया। गंभीर स्थितिः अस्पताल में भर्ती घायलों में से 5 की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल (हनुमानगढ़) रेफर कर दिया गया है। अधिकारियों का दौराः हादसे की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम संजय कुमार और नितेश मोची ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना और डॉक्टरों को उचित उपचार के निर्देश दिए।

# ईरान में भारत का कूटनीतिक 'मास्टरस्ट्रोक', दुश्मन देशों को एक मंच पर लाकर 640 भारतीयों का हैरतअंगेज रेस्क्यू

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

पश्चिम एशिया में लगातार गहराते युद्ध के संकट के बीच ईरान में फंसे भारतीय नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए भारत ने एक ऐसा कूटनीतिक चमत्कार कर दिखाया है, जिसे सामान्य तौर पर असंभव माना जाता था। भारतीय दूतावास और विदेश मंत्रालय की अभूतपूर्व सक्रियता के चलते ईरान से भारतीयों को सड×क मार्ग के जरिए अर्मेनिया और अजरबेजान सुरक्षित पहुंचाया जा रहा है। सबसे बड़ी हैरानी की बात यह है कि अर्मेनिया और अजरबेजान न सिर्फ एक-दूसरे के कट्टर दुश्मन हैं, बल्कि भारत के साथ भी अजरबेजान के रिश्ते काफी तनावपूर्ण रहे हैं।



### दो दिन में 640 नागरिकों का सफल रेस्क्यू, 284 श्रद्धालु भी शामिल

इस बेहद जटिल और तनावपूर्ण माहौल के बावजूद पिछले दो दिनों के भीतर ईरान से 640 भारतीयों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। इनमें से 550 नागरिकों को अर्मेनिया और 90 भारतीयों को अजरबेजान की सीमा में सफलतापूर्वक पहुंचाया गया है, जहां से अब उन्हें स्वदेश या अन्य सुरक्षित स्थानों पर भेजने की पुख्ता व्यवस्था की जा रही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस मिशन की जानकारी देते हुए बताया कि तेहरान से बाहर निकाले गए इन नागरिकों में 284 वे श्रद्धालु शामिल हैं, जो वहां धार्मिक यात्रा पर गए हुए थे।

### ठप संचार और खतरे के साये में डटा है भारतीय दूतावास

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, इस वक्त ईरान में लगभग 9,000 भारतीय रह रहे हैं, जिनमें सबसे बड़ी संख्या पढ़ाई करने गए छात्रों की है। इसके अलावा कई कारोबारी, धार्मिक यात्री और समुद्री जहाजों पर काम करने वाले कर्मचारी भी वहां फंसे हुए हैं। मौजूदा युद्ध जैसे हालातों में भारतीय मिशन की सर्वोच्च प्राथमिकता छात्रों और अन्य संवेदनशील समूहों को जल्द से जल्द सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाना है। सूत्रों का कहना है कि पश्चिम एशिया में तनाव चरम पर पहुंचने के कारण ईरान में सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह अस्थिर हो गई है और संचार के साधन भी लगभग ठप पड़ चुके हैं। कई इलाकों में तो सिर्फ सरकारी अनुमति से ही संपर्क साधा जा पा रहा है। इन जानलेवा और मुश्किल परिस्थितियों के बीच तेहरान स्थित भारतीय दूतावास के अधिकारी भारी जोखिम उठाकर लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन को अंजाम दे रहे हैं।

# बिहार के बाद अब पश्चिम बंगाल की बारी

**एस. सुनील**



अब बिहार में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। 20 साल का नीतीश कुमार का राज समाप्त हो रहा है। यह संयोग भी है कि ये दोनों राज्य किसी समय बंगाल का हिस्सा रहे थे। इनके बाद अब बंगाल की बारी है। भारतीय जनता पार्टी कुछ इसी अंदाज में चुनाव की तैयारी कर रही है।

भारतीय जनता पार्टी ने बिहार का किला फतह कर लिया है। अब पश्चिम बंगाल की बारी है। ध्यान रहे उत्तर, पश्चिम और पूर्वी भारत के सिर्फ तीन बड़े राज्य ऐसे थे, जहां भारतीय जनता पार्टी का मुख्यमंत्री नहीं बन पाया था। 2024 में उनमें से एक राज्य ओडिशा में भाजपा ने बड़ी जीत हासिल की और उसका मुख्यमंत्री बना। भाजपा ने 25 साल का नवीन पटनायक का राज खत्म किया। उसके बाद अब बिहार में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। 20 साल का नीतीश कुमार का राज समाप्त हो रहा है। यह संयोग भी है कि ये दोनों राज्य किसी समय बंगाल का हिस्सा रहे थे। इनके बाद अब बंगाल की बारी है। भारतीय जनता पार्टी कुछ इसी अंदाज में चुनाव की तैयारी कर रही है। इतिहास में भी दिल्ली और देश पर उसी का राज मजबूत हुआ, जिसका बंगाल पर कब्जा था। दक्कन यानी दक्षिण भारत की लड़ाई उसके बाद लड़ी जाती है। हालांकि भाजपा एक साथ दक्षिण भारत की लड़ाई भी लड़ रही है।

बहरहाल, पश्चिम बंगाल की चुनावी लड़ाई आर-पार की सिर्फ इसलिए नहीं है कि वहां भाजपा को अपनी सरकार बनानी है या अपना मुख्यमंत्री बनाना है। यह कई दूसरे कारणों से आर-पार की लड़ाई है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा, आंतरिक सुरक्षा और बंगाली हिंदुओं की सुरक्षा से जुड़ा चुनाव है। ध्यान रहे हर चुनाव के साथ सुरक्षा की चिंता गहराती जाती है। पांच साल पहले जो चुनाव हुआ वह भी राष्ट्रीय सुरक्षा और बंगाली हिंदुओं की सुरक्षा से जुड़ा था। तभी भाजपा के पक्ष में व्यापक हिंदू ध्रुवीकरण हुआ था। भाजपा को 40 फीसदी से कुछ कम वोट मिले थे। लेकिन चुनाव नतीजों के बाद जो हुआ उसने चिंता को कई गुना बढ़ा दिया। दो मई 2021 को आए नतीजों के बाद राज्य के कई हिस्सों में बड़ी हिंसा हुई। भाजपा का समर्थन करने वाले हिंदुओं की पहचान पहले से की गई थी। नतीजों के बाद उनके घरों पर हमले हुए। उनको मा-रा गया। सैकड़ों हत्याएं हुईं, जिसे नस्ली सफाए की कोशिश कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी।

इस बार के चुनाव पर उस डर का साया साफ दिख रहा है। बंगाल के लोगों को इस डर से बाहर निकलना होगा। भारतीय जनता पार्टी को यह भरोसा दिलाना होगा कि वह आम लोगों के साथ खड़ी है। सुरक्षा बलों की तैनाती अपनी जगह है। लेकिन वह स्थायी समाधान नहीं है क्योंकि केंद्रीय बलों की तैनाती अनंतकाल तक नहीं हो सकती है। तृणमूल कांग्रेस के राज और उसमें एक समुदाय की ओर से होने वाले अत्याचार से त्रस्त लोगों को अगर यह भरोसा नहीं हुआ कि भाजपा जीतेगी और उसके बाद जमीनी हालात बदलेंगे, तब तक वह हिम्मत के साथ मतदान के लिए नहीं निकलेगा। उसके मनोविज्ञान में पिछली बार के चुनाव के बाद हुई हिंसा की तस्वीरें बैठी हुई हैं। इसलिए वह डरा हुआ है लेकिन यह भी चाहता है कि किसी तरह के बदलाव हो। यह पहला मौका है, जब बांग्लाभाषी हिंदू वास्तव में इस बात की चिंता कर रहा है कि अगर तृणमूल कांग्रेस की सत्ता में वापसी हुई तो उसका क्या होगा! इसलिए वे सत्ता परिवर्तन चाहते हैं लेकिन उससे पहले उनको हौसला और संबल चाहिए।

इस बार का विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के लिए अपने साथ साथ परिवार और पार्टी का अस्तित्व बचाने वाला चुनाव बन गया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पता है कि अगर उनकी पार्टी चुनाव हारी तो उसका हस्र भी वैसा ही होगा, जैसा वामपंथी मोर्चे की जीत के बाद कांग्रेस का हुआ था और तृणमूल की जीत के बाद वाम मोर्चे की पार्टियों का हुआ था। एक बार चुनाव हार कर सत्ता से बाहर होने के बाद कोई साथ नहीं देगा। तभी वे भी आर-पार की लड़ाई की तैयारी में हैं। उनकी तैयारी में एक बड़ी बाधा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर से पैदा हो रही है। चुनाव आयोग ने राज्य सरकार के सारे दांव फेल कर दिए हैं। गौरतलब है कि बिहार में एसआईआर शुरू होने के बाद पश्चिम बंगाल की सरकार ने बड़े पैमाने पर लोगों को ऐसे प्रमाणपत्र उपलब्ध कराए, जो एसआईआर की प्रक्रिया में मददगार बने। तभी एसआईआर के पहले चरण के बाद बंगाल में 58 लाख ही नाम कटे, जबकि बिहार में 69 लाख नाम कटे थे। एसआईआर के दूसरे चरण के बाद यानी तमाम अदालती हस्तक्षेप के बाद जो अंतिम मतदाता सूची सामने आई उसमें भी 60 लाख नाम विचाराधीन कर दिए गए। इन मतदाताओं के दस्तावेजों की जांच का जिम्मा अब न्यायिक अधिकारियों के हाथ में है। पिछले एक हफ्ते में इन 60 लाख मतदाताओं में से सिर्फ 10 फीसदी यानी छह लाख मतदाताओं के दस्तावेजों की जांच हो पाई है। ध्यान रहे अगले एक हफ्ते में पश्चिम बंगाल सहित पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की घोषणा होने वाली है। सोमवार और मंगलवार को चुनाव आयोग की टीम बंगाल में रहेगी और लौटने के बाद अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देकर चुनाव की घोषणा कर दी जाएगी। जाहिर है इतने कम समय में सभी 60 लाख नामों की जांच नहीं हो पाएगी।

संपादकीय [redacted]

## केंद्र का दिशा-निर्देश

इस बहुलता भरे देश में असहमत विचार और विरोधी भावनाओं की एक सीमा से ज्यादा अनदेखी विपरीत परिणाम दे सकती है। इसलिए बेहतर होगा कि केंद्र असहमत समूहों के साथ संवाद कायम करने का नजरिया अपनाए।

पूरे भारत को अपनी विचारधारा के रंग में ढालने की मुहिम में जुटी नरेंद्र मोदी सरकार को ऐसे कदमों पर हो रही प्रतिक्रियाओं को लेकर अवश्य सचेत रहना चाहिए। इस बहुलता भरे देश में असहमत विचार और विरोधी भावनाओं की एक सीमा से ज्यादा अनदेखी विपरीत परिणाम दे सकती है। इसलिए बेहतर होगा कि सरकार असहमत समूहों के साथ संवाद कायम करने का नजरिया अपनाए। इस हफ्ते ऐसी दो घटनाएं हुईं, जिन्हें केंद्र के अति–उत्साह की प्रतिक्रिया समझा जाएगा।

बीते 28 जनवरी को केंद्र ने दिशा–निर्देश जारी कर राष्ट्रगान से पहले राष्ट्रगीत गाना और वंदे मातरम के सभी छह स्तोत्र गाना अनिवार्य कर दिया था। गुजरे मंगलवार को नगालैंड विधानसभा ने इस मुद्दे को प्रवर समिति को भेजने का फैसला किया कि क्या ये दिशा–निर्देश उस राज्य पर भी लागू होता है। इसके पहले बजट सत्र की शुरुआत पर पहली बार गन–गण–मन से पहले सदन में वंदे मातरम गाया गया। उस पर भाजपा को छोड़ सभी दलों के सदस्यों ने आपत्ति जताई। उनमें सत्ताधारी गठबंधन में शामिल दल भी हैं, हालांकि ये गठबंधन केंद्र में सत्ताधारी एनडीए का हिस्सा है। कई सदस्यों ने कहा कि इस मामले से ₹संवैधानिक एवं अंतरात्मा से संबंधित₹ सवाल खड़े हुए हैं। यह भी कहा गया कि केंद्र का दिशा–निर्देश देशभक्ति और एकरूपता का घालमेल करता मालूम पड़ा है।

इस बीच रेलवे स्टेशनों पर अन्य लिपियों में हिंदी शब्द लिखने को लेक-र तमिलनाडु में विवाद गरमा गया है। बुधवार को तिरुचि स्टेशन पर अधिकारियों ने हिंदी, अंग्रेजी, और तमिल में लिखे कर्त्तव्य–द्वार शब्द को हटा दिया। कहा कि ऐसा जन भावनाओं का ख्याल करते हुए किया गया है। इसके पहले डीएमके समर्थकों ने गेट पर बने मेहराब पर लिखे इन शब्दों पर कालिख पोत दी थी। मुख्यमंत्री एम।के। स्टालिन ने इसे 'एक भाषा, तीन लिपि' नीति बताते हुए इस पर कड़ा एतराज जताया था। संकेत हैं कि तमिलनाडु में अब अन्य जगहों पर भी हिंदी विरोधी समूह इस मुद्दे पर विरोध जताने की तैयारी में हैं। ऐसी हर घटना राष्ट्रीय मेलजोल की भावना में पेच डालती है। अतः उचित यही होगा कि इन पर अविलंब ध्यान दिया जाए।

# पूरी दुनिया में भारत की भद्द पिटी

**हरिशंकर व्यास**

भारत में शिक्षा की क्या स्थिति है और खास कर विज्ञान व प्रौद्योगिकी की शिक्षा में भारत कहां खड़ा है इसकी एक तस्वीर इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के एक्सपो में देखने को मिली। भारत सरकार के एनआईआरएफ यानी नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क और निजी संस्थाओं की रैंकिंग में बहुत ऊपर स्थान हासिल करने वाले गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने अपने एक्सपो में एक रोबोडॉग प्रस्तुत किया। यूनिवर्सिटी की एक प्रोफेसर ने मीडिया के सामने कहा कि इसका नाम ओरायन है और इसे यूनिवर्सिटी के सेंटर ऑफ एक्सलेंस में तैयार किया गया है।

लेकिन चंद घंटों में पता चलह कि वह रोबोडॉग चीन का बना हुआ है, जो दो से ढाई लाख रुपए की कीमत में बाजार में उपलब्ध है। उसी यूनिवर्सिटी ने कोरिया का बना एक ड्रोन भी अपना बना कर एक्सपो में पेश किया। ऐसा नहीं है कि यह काम सिर्फ एक यूनिवर्सिटी ने किया। बाकियों की जांच पड़ताल नहीं हुई या गलगोटिया यूनिवर्सिटी का मामला पहले खुल गया तो बाकी सावधान हो गए। अन्यथा यही स्थिति सभी निजी विश्वविद्यालयों की है। किसी के पास अपना एक इनोवेशन, अपनी एक तकनीक, अपना एक उत्पाद दिखाने के लिए नहीं है। एआई समिट में गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने जो किया उससे पूरी दुनिया में भारत की भद्द पिटी। चीन की वेबसाइट्स पर भारत का मजाक बनाया गया। भारत में भी कुछ मीडिया और वैकल्पिक मीडिया में इसका मजाक बना। लेकिन जल्दी ही नैरेटिव बदलने का खेल शुरू हो गया। बड़े बिजनेस अखबारों में छपने लगा कि गलगोटिया यूनिवर्सिटी एआई के रिसर्च पर साढ़े तीन सौ करोड़ रुपए खर्च कर रहा है। सोचें, साढ़े तीन सौ करोड़ रुपए की रिसर्च का नतीजा यह है कि चीन का रोबोडॉग खरीदने का जुगाड़ हुआ और एक्सपो में डिसप्ले कर दिया गया!

सोचें, यह कितने शर्म की बात है कि, जो रोबोडॉग एक्सपो में दिखाय गया वह तकनीक का सबसे बेसिक मॉडल है। यह बैटरी और चाबी से चलने वाले बच्चों के खिलौने का विकसित रूप है। इस तरह के रोबोट दुनिया में कितने बरसों से बन रहे हैं, जो घरों में काम करते हैं। रेस्तरां में काम करने और भोजन आदि सर्व करने वाले रोबो वेटर कितने बरस पहले बन गए। अनमैन्ड ड्रोन कई तरह के काम कर रहे हैं। उसी तरह यह रोबोडॉग है, जो कुछ काम कर सकता है। दुर्गम इलाकों में जाकर तस्वीरें आदि खींच सकता है। यह सबसे बेसिक तकनीक है लेकिन देश की एक बड़ी निजी यूनिवर्सिटी, जिसकी ऊंची रैंकिंग है वहां के प्रोफेसर और छात्र उस तकनीक पर आधारित एक भी कोई प्रोडक्ट नहीं तैयार कर सके।

भारत में खुले आम एआई का नाम लेकर कैसे लोगों को मूर्ख बनाया जाता है यह उसका एक उदाहरण है। पिछले दिनों इसी तरह की एक घटना उत्तर प्रदेश में हुई थी, जहां एक शिक्षक ने किसी दुकान पर लगने वाले पुतले को लाकर उसे साड़ी पहना दी और सोफी नाम देक-र एआई शिक्षक के तौर पर प्रस्तुत कर दिया। दावा किया कि सिर्फ 25 हजार रू में एआई शिक्षक बना दिया। उसके अंदर एक स्मार्ट फोन लगा हुआ था, जो सिरी या एलेक्सा से संचालित होने वाला था। छात्र सवाल पूछते थे तो कथित शिक्षिका सोफी जवाब देती थी। इसे उसने एआई शिक्षक कह कर पेश कर दिया और जिला प्रशासन से लेकर मीडिया तक में उसका गुणगान होने लगा।

मीडिया में तो इसे लार्ज लैंग्वेज मॉडल यानी एलएलएम की तरह पेश किया गया। लेकिन जल्दी ही पता चल गया कि यह एआई शिक्षक नहीं, बल्कि स्मार्ट फोन के ऑपरेटिंग सिस्टम से सवाल जवाब करके लोगों को मूर्ख बनाने की तकनीक है। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में युवक ने जो किया उसी को थोड़ा अलग और बड़े रूप में गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने वैश्विक मंच पर पेश किया। यही भारत की असल हकीकत है। लोगों को बस नया जुमला मिलना चाहिए। लोग उसका इस्तेमाल करके बेवकूफ बनाना शुरू कर देते हैं।

भारत में तकनीकी शिक्षा की हकीकत समझनी है तो इन यूनिवर्सिटी के कामकाज को थोड़ी बारीकी से देखना होगा। गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने अकेले पिछले साल 13 सौ से ज्यादा पेटेंट के लिए अप्लाई किया। तीन निजी विश्वविद्यालयों ने एक एक हजार से ज्यादा पेटेंट अप्लाई किए थे। दूसरी ओर देश के सभी आईआईटी, जिनकी संख्या करीब 20 हो गई है, उन्होंने कुल आठ सौ के करीब पेटेंट अप्लाई किया। सोचें, सारे आईआईटी मिल कर एक निजी यूनिवर्सिटी के बराबर पेटेंट अप्लाई नहीं कर सके! यह अलग बात है कि गलगोटिया यूनिवर्सिटी का एक भी पेटेंट स्वीकार नहीं हुआ। जाहिर है जिस तरह से चीन का रोबोडॉग उन्होंने अंतरराष्ट्रीय आयोजन में पेश किया उसी तरह के पेटेंट भी होते होंगे। लेकिन इसका उनको फायदा मिलता है। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने कॉलेज और यूनिवर्सिटी की रैंकिंग तय करने के लिए एनआईआरएफ के जो मानक तय किए हैं उसमें एक मानक यह है कि यूनिवर्सिटी की ओर से कितने पे-टेंट का आवेदन दिया गया।

## शब्द सामर्थ्य -345

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | ■ | ■ | 3 | ■ | ■ | ■ |
| 4 | | ■ | 5 | | | 6 | ■ | 7 |
| ■ | 8 | | | ■ | 9 | | | |
| 10 | ■ | ■ | | ■ | ■ | | ■ | |
| 11 | | | | ■ | 12 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | 13 | | ■ | 14 | |
| 16 | 17 | | ■ | 18 | | | | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | | | ■ | ■ | 20 |
| 21 | | ■ | | ■ | ■ | 22 | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 344 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | ■ | स्वा | द | ■ | स | ब | ब |
| जा | ■ | सु | हा | ना | ■ | ■ | ली | द |
| ब | हु | धा | ■ | द | ल | ना | ■ | ल |
| ■ | ■ | क | मा | न | ■ | ग | ह | ना |
| भं | व | र | ■ | ■ | ■ | वा | म | ■ |
| गी | त | ■ | म | ज | बू | र | ■ | ट |
| ■ | न | म | स्का | र | ■ | ■ | ■ | र |
| ■ | ■ | र्या | ■ | ■ | बी | ■ | ना | का |
| सं | वि | दा | ■ | ब | स | च | ल | ना |

## सू- दोकू क्र.345

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.344 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

## आज का राशिफल

### मेष राशि :

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज असंभव सा लगने वाले किसी काम में आज आपको सफलता मिलेगी। आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी। करियर से संबंधित किसी समस्या से छुटकारा मिलेगा। आज आपको अपने किसी भी काम को टालने से बचना चाहिए ,समय से काम पूरा कर लेना बेहतर रहेगा। आज आपको किसी पारिवारिक अनुस्थान में शामिल होने का सुअवसर मिल सकता है।

### वृष राशि :

आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज ऑफिस में कार्यभार अधिक होने से आपको थकान लगेगी फिर भी आप किसी काम के लिए जितना ज्यादा कठिन प्रयास करेंगे, काम उतना ही आसान और बेहतर ढंग से होगा। आज किसी अनुभवी की राय आपके लिए बेहतर साबित होगी। जीवनसाथी के साथ अपने रिश्तों को लेकर आप ज्यादा भावुक हो सकते हैं। आपको अपने खर्चों पर कंट्रोल रखना चाहिए, अन्यथा आर्थिक स्थिति में समस्याएं आ सकता है।

### मिथुन राशि :

आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप जिम्मेदारियों को बखूबी निभाने में सफल होंगे, घर के लिए कुछ नये सजावट के सामान की खरीदारी करेंगे। आज आप जीवनसाथी की तरक्की से खुश होंगे। कारोबारियों के लिए धन लाभ के योग बन रहे हैं। आज आप नया व्यापार शुरू करने का मन बनाएंगे। अगर आप कला के क्षेत्र से जुड़े हैं, तो आज आपको परफोर्मेंस करने का मौका मिलेगा। फिजिक्स के स्टूडेंट्स के लिए दिन नए अचीववमेंटस से भरा रहेगा।

### कर्क राशि:

आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज परिवार वालों का सहयोग प्राप्त होगा। आपके सालों से रुके हुए पैसे वापस दिलाने मे कुछ इष्ट मित्र मददगार साबित होंगे। ऑफिस में आपके कर्मठशीलता की तारीफ होगी।आपकी कार्यक्षमता में बढ़ोतरी होगी। दांपत्य रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी। कॉमर्स स्टूडेंट्स के लिए दिन फायदेमंद रहने वाला है, उनको नया कामर्सियल प्रोजेक्ट पर काम करने कों मिलेगा।

### सिंह राशि :

आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। आज आओ जीवनसाथी के सहयोग से घरेलू कार्य पूरा करने में सफल होंगे। आपको माता-पिता का भरपूर सहयोग मिलेगा प्राप्त होगा। आपकी किसी पुराने मित्र से मुलाकात होने की उम्मीद है, जिसकी आपको हेल्प करने का अवसर मिलेगा। आज ऑफिस में आपको किसी नए प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी मिलेगी।

### कन्या राशि :

आज का दिन आपके लिए बढिया़ रहने वाला है। आज आपको नई जानकारी मिलेगी आपके लिए यह जानकारी भविष्य के लिये बहुत फायदेमंद साबित होगी। आज आलस्य व सुस्ती छोड×कर काम में मन लगाने की जरूरत है। बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर अमल करने के लिए आज का दिन अच्छा है। नई तकनीक के इस्तेमाल पर विचार-विमर्श होगा। आज आपको ऑफिस में अपने दस्तावेज संभालकर रखने की जरूरत है।

### तुला राशि :

आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको आर्थिक लाभ के अच्छे अवसर मिलेंगे। आज आपको किसी यात्रा पर जाने का योग बन रहा है, जिससे आपको लाभ भी होगा। परिवार में सभी सदस्यों के साथ आपसी सामंजस्य बना रहेगा। अध्यात्म की तरफ आपका रुझान अधिक रहेगा। आप जिस किसी काम को करने का प्रयास करेंगे, उस काम में आपको अच्छी कामयाबी मिलेगी। करियर में आप नए आयाम स्थापित करेंगे।

### वृश्चिक राशि :

आज का दिन आपके लिये सामान्य रहने वाला है। आज किसी खास रिश्तेदार की मदद से आपका रुक हुआ काम समय पर पूरा ही जाएगा। आज आपके प्रति शत्रु भाव रखने वालों व्यक्तियों से सावधान रहें। किसी भी कार्य को करते समय मन एकाग्र रखेंगे तो काम आसानी से व बिना किसी व्यवधान के पूरा हो जायेगा। कुछ लोग रुकावटें भी पैदा करेंगे। अफवाहों पर ध्यान न देकर अपने कामों पर फोकस करें। निश्चित तौर पर आपको सफलता मिलेगी।

### धनु राशि :

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपके बच्चे बिजनेस में आपका पूरा सपोर्ट करेंगे। जल्दबाजी में किए गए पूंजी निवेश से आपको थोड़ी बहुत टेंशन हो सकती है। सिनेमा जगत के कलाकारों के लिए दिन विशेष रूप से अच्छा है। समस्याओं के लिए दूसरों लोगों को जिम्मेदार मानने से आपके रिश्तों में दरार आ सकती है। आमतौर पर आप किसी बात का बुरा नहीं मानेंगे। अपने अहम पर काबू करके परिस्थिति को ठीक से समझने की कोशिश करेंगे तो आपको आसानी से हल मिल जायेगा।

### मकर राशि :

आज का दिन आपके लिए सामान्य से बेहतर रहने वाला है। आज आपके कार्यस्थल पर काम ज्यादा रहेगा। आज आपका किसी के प्रति अधिक आत्मविश्वास से नुकसान हो सकता है, इससे आपके पारिवारिक संबंध खराब हो सकते हैं। आप सामाजिक स्तर पर कुछ नए बदलाव करने की सोचेंगे आपको अनुभवी लोगों का साथ भी मिलेगा इससे आपका काम आसान हो जायेगा। खुद के लिए बनाया हुआ नजरिया सुधारने की आवशयकता है, नहीं तो आपको ही परेशानी उठानी पड़ेगी।

### कुंभ राशि :

आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। आज कारोबार संबंधी योजनाओं को अपरिचित लोगों के सामने जाहिर न करें, कोई इसकी नकल कर सकता है इससे आपको नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। पुरानी प्रॉपर्टी के सेल परचेज संबंधी बिजनेस में अच्छी डील होगी। इस राशि की वर्किंग महिलाएं कामकाज की वजह से व्यस्त रहेगी साथ ही थोड़ा बहुत तनाव भी रह सकता है। घर में शांति पूर्ण माहौल रहेगा। आप किसी जरूरत की सामान को खरीदने मार्किट जाएंगे जहां आपकी मुलाकात किसी परिचित से होगी।

### मीन राशि :

आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं साथ ही कुछ काम वक्त से पहले पूरे करने की वजह से खुद के लिए प्रसन्नता मिलेगी। मानसिक रूप से जिन लोगों के साथ परेशानी है, उसे दूर करने का उपाय मिलेगा और मेडिटेशन को रुटीन मे अपनाएंगे। लोगों के विचार और आपके बारे में बोली गई बातों के कारण आप मन ही मन परेशान हो सकते है। इस राशि के स्टूडेंट आज अपनी पढ़ाई को लेकर उत्साहित होंगे और ज्यादा समय पढ़ाई में बीतेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### सहारनपुरः जनकपुरी पुलिस ने हत्या के प्रयास के 2 वांछित गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** थाना जनकपुरी पुलिस ने 10 मार्च 2026 के हत्या प्रयास मामले (मु0अ0सं0 48/26 धारा 109/115/351 बीएनएस) में दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जानकारी के मुताबिक प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा के नेतृत्व में ट्रांसपोर्ट नगर के पीछे निर्माणाधीन प्लॉट से मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम उ0नि0 संजय कुमार शर्मा, है0कां0 बालेन्द्र, कां0 मोहन ने अमित यादव (चकहरेटी, जनकपुरी) वह शिवम (मान्डे बाँस, गागलहेड़ी) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्तों से घटना में प्रयुक्त लोहे की रॉड भी बरामद की. अभियुक्त शिवम का 9 पुराने आपराधिक मामले दर्ज हैं। अभियुक्तों को न्यायालय में पेश किया गया।

### टेंट हाउस दुकान में लगी आग लाखों रुपए का सामान हुआ खाक

**चमकता राजस्थान/मनोज कुमार माली/सुसनेर नगर।** सुसनेर नगर में इंदौर कोटा राष्ट्रीय राजमार्ग 552 जी मंडी गेट चौराहा जमुनिया रोड वार्ड क्रमांक 12 में तूफ़ान सिंह शत्रु खेड़ी वाले की एक निजी टेंट हाउस की दुकान में आग कारणों के चलते दुकान में आग लग गई आग लगी उसे समय दुकान मालिक घर पर नहीं था तभी आप पड़ोसियों ने आसमान में दुहा को देखकर तुरंत ही उसके घर जाकर उसकी पत्नी को अवगत कराया कि आपका टेंट हाउस की दुकान आग लग गई है ताबडतोप तरीके से टेंट हाउस मैं राखी गैस की टंकियां को अलग हटाए आग इतनी ज्यादा हो गई थी कि टेंट हाउस के समान के साथ ही दो मोटरसाइकिल भी जलकर राख हो गईवार्ड वासी में आफरा तफरी का माहौल हो गया प्रशासनिक अधिकारी सुसनेर नगर के पुलिस थाना अधिकारी मौके पर पहुंचे किया मुआयना फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी मौके पर पहुंची सुसनेर नगर के साथ ही सोयत कला, नलखेड़ा बड़ागांव की फायर ब्रिगेड को तुरंत ही बुलाया गया एक साथ चार फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया लाखों रुपए का समान हुआ राख

### गणपत सिंह मांडोली हत्याकांड मामले में हुई गिरफ्तारी




**चमकता राजस्थान/कयूम खान /फोटो साबिर /जालोर।** जालोर में चर्चित गणपत सिंह मांडोली हत्याकांड मामले में करीब दो साल बाद आखिरकार पीड़ित परिवार को न्याय मिल गया है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद पीड़ित परिवार और समाज के लोगों में संतोष का माहौल देखने को मिला। लंबे समय से जारी धरना भी समाप्त कर दिया गया, जिसे में रानीवाड़ा विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी नारायण सिंह देवल सहित समाज बन्धुओ ने जूस पिलाकर धरना तुड़वाया। इस दौरान पीड़ित परिवार ने न्याय दिलाने में सहयोग के लिए 36 कौम के लोगों और मीडिया का आभार व्यक्त किया। गौरतलब है कि इस मामले को लेकर लगातार आंदोलन और धरना प्रदर्शन चल रहा था, जिसके बाद अब पुलिस की कार्रवाई से मामला निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है।

### राकेश सिनेमा रोड पर नगर निगम का चाबुक, अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई में 4 गेट जब्त और भारी जुर्माना



**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** स्मार्ट सिटी परियोजना के कार्यों में बाधा डालने वाले अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाते हुए नगर निगम के प्रवर्तन दल ने राकेश सिनेमा रोड पर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। दरअसल, ढमोला नदी पर नवनिर्मित पुल, जो भविष्य में देहरादून रोड को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण लिंक मार्ग है, वहां मार्किंग का कार्य प्रस्तावित है। लेकिन स्थानीय ग्रिल और गेट निर्माताओं द्वारा सड़क किनारे लोहे का भारी सामान रखकर मार्ग को अवरुद्ध किया जा रहा था। इसी क्रम में आज पुल जोगियान से राकेश सिनेमा तक चलाए गए विशेष अभियान के दौरान प्रवर्तन दल ने सड़क पर रखे चार लोहे के विशाल गेटों को जब्त कर लिया और मार्ग बाधित करने वाले दो प्रमुख दुकानदारों पर 7,500 रूपये का आर्थिक जुर्माना लगाया। इस अचानक हुई कार्रवाई से पूरी पटरी पर हड़कंप मच गया और अन्य दुकानदारों ने आनन-फानन में अपना सामान सड़क से हटाकर सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया। प्रवर्तन दल प्रभारी ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में सार्वजनिक मार्ग पर व्यावसायिक सामान पाया गया, तो सख्त कानूनी कार्रवाई के साथ सामान की कुर्की भी की जाएगी।

### रानी में राम जन्मोत्सव पर भव्य आयोजन, 26 मार्च को निकलेगी विशाल शोभायात्रा

**चमकता राजस्थान/भरत कुमार गांधी/रानी।** नगर के प्रताप बाजार स्थित गणपति चौक में इस वर्ष भी राम जन्मोत्सव के अवसर पर श्री राम जन्मोत्सव समिति एवं सर्व हिंदू समाज के तत्वावधान में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत विशाल शोभायात्रा, भजन-कीर्तन, प्रभात फेरी सहित कई आयोजन होंगे। समिति के अनुसार 19 मार्च से 25 मार्च तक प्रतिदिन नगर में प्रभात फेरी निकाली जाएगी। 25 मार्च को भगवान श्री राम के भव्य भजन-कीर्तन का आयोजन होगा। इसके बाद 26 मार्च को संपूर्ण शहर में भगवान श्री राम की विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे। शोभायात्रा के दौरान गणपति मंदिर में महाप्रसादी का आयोजन भी रखा गया है। साथ ही महेंद्र जोशी द्वारा स्ट्रांग मैन शो के तहत वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रदर्शन भी आकर्षण का केंद्र रहेगा। इस भव्य आयोजन में डीजे, नासिक ढोल, आकर्षक झांकियां, ऊंट-घोड़े, गैर नृत्य और छोटे-बड़े वाहनों की भागीदारी रहेगी, जिससे पूरा शहर धार्मिक रंग में रंगा नजर आएगा।

कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर समिति द्वारा शहर में जगह-जगह होर्डिंग, बैनर और पेम्फलेट लगाए जा रहे हैं, जिससे आमजन में उत्साह देखा जा रहा।

# कोटा से बारात में आए युवक का डीजे पर नाचने की बात को लेकर हुआ विवाद, चाकू लगाकर उतारा मौत के घाट

चमकता राजस्थान



**राकेश अग्रवाल/सवाई माधोपुर।** जिला मुख्यालय के सीमेंट फैक्ट्री इलाके में शादी समारोह में डीजे पर नाचने बात को लेकर एक विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि कुछ युवकों ने बारात में आये कोटा निवासी विशाल के चाकू से वार कर दिया। जिसके चलते उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के पिता रमेश ने मान टाऊन थानें में हत्या का मामलं दर्ज करवाया हे। वही मामला दर्ज करने के बाद पुलिस में जांच शुरू करी।

घटना को लेकर मानटाउन थाना अधिकारी सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि सोमवार को कोटा से सवाई माधोपुर स्थित सीमेंट फैक्ट्री इलाके में रहने वाले संजय कलोसिया के यहां बारात आई थी। थानाधिकारी ने बताया कि इस दौरान रात दस बजे करीबन डीजे पर नाचने की बात को लेकर शादी में मौजूद कुछ युवकों के बीच कहासुनी हो गई। थानाधिकारी ने बताया कि जिसके बाद कुछ युवकों नें विशाल पर चाकू से हमला कर दिया जिसके बाद चाकू के हमले में घायल हुए युवक विशाल को जिला अस्पताल लाया गया ।जहा उपचार के दौरान विशाल पुत्र रमेश चंद 28वर्ष निवासी काली बस्ती,थर्मल चौराहा शंकरपुरा थाना कुन्हाड़ी कोटा की मौत हो गई।थानाधिकारी ने बताया कि मामला दर्ज होने के बाद मानटाउन पुलिस ने ग्यारह लोगों को डिटेन किया है। जिनसे पुलिस पूछताछ में जुटी है थानाधिकारी ने बताया कि पुलिस ने मृतक विशाल के परिजनों की मौजूदगी में मृतक का पोस्मार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द करवा दिया।वही पुलिस मामले को लेकर जांच जुटी हे ओर डिटेन किए गए लोगों से पूछताछ में जुटी है।

वही मृतक के पिता रमेश चंद ने बताया कि शादी में नाचने की बात को लेकर वहां शादी में मौजूद कुछ युवकों के बीच कहा सुनी हो गई थी जिसके बाद सब शांत भी हो गया था।रमेश चंद ने बताया कि जिसके बाद मृतक विशाल खाना खकर वापस आ रहा था ऐसे में कुछ युवकों ने विशाल के चाकू मार दिया जिसके बाद उसको जिला अस्पताल लाया गया जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।उन्होंने बताया कि वह सवाई माधोपुर सीमेंट फैक्ट्री में एक शादी समारोह में आये हुए थे जहां यह घटना हुई।मृतक के पिता ने बताया कि घटना के बाद मान टाउन थाने पर मामला दर्ज करवाया है।

## भाजपा की सोशल मीडिया जिला कार्यशाला आयोजित

चमकता राजस्थान



**राजूराम मेघवाल/ब्यूरो चीफ़ जोधपुर।** भारतीय जनता पार्टी दक्षिण देहात जोधपुर जिले की जिला कार्यशाला आज आयोजित हुई जिसमें मुख्य वक्ता जिलाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह भाटी थे।

जिला मीडिया प्रभारी मानाराम गर्ग ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी राजस्थान के प्रदेश निर्देशानुसार आज भारतीय जनता पार्टी दक्षिण देहात जोधपुर की जिला कार्यशाला आयोजित हुई जिसमें जिलाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह भाटी ने संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में सोशल मीडिया की महत्ती भूमिका और संगठन और सरकार की महत्वपूर्ण कार्ययोजनाएं आमजन में प्रचारित करने के लिए आप सभी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करें। सभी सोशल मीडिया संयोजक एवं सहसंयोजक केन्द्र सरकार एवं राजस्थान सरकार की महत्वपूर्ण योजनाएं को ज्यादा से ज्यादा प्रचारित करें एवं कांग्रेस द्वारा फैलाएं जा झुठ और दुष्प्रचार को मुंहतोड़ जवाब देवे।

जिला महामंत्री ड्रा.यशपाल गोदा ने आगामी करने वाले समस्त कार्ययोजना और सोशल मीडिया वालिंटियर भूमिका पर बताया सोशल मीडिया जिला संयोजक डॉ रमेश राठौड़ ने सोशल मीडिया से संबंधित महत्वपूर्ण कार्य की जानकारी दी कार्यशाला में जिला महामंत्री शिवराम ग्वाला जिला मंत्री विरेंद्र गोदारा जिला क्ळ सैल संयोजक प्रवीण कुमार सोनी सोशल मीडिया जिला सह संयोजक गिरिराज सिंह, सुरेन्द्र सिंह भाटी ने भी संबोधित किया। कार्यशाला में सोशल मीडिया लूणी विधानसभा से संयोजक यशपाल सिंह राठौड़ व सह संयोजक किशन पारीक उपस्थित रहे। तथा कुड़ी मंडल से संयोजक किशोर वैरावत, सह संयोजक रविंद्र बुढ़िया तथा झवर मंडल से गणेश गहलोत केरू मंडल से पप्पूराम गहलोत तथा लूणी मंडल से संयोजक सवाई सिंह, सह संयोजक महेंद्र जी परिहार उपस्थित रहे।

### सिरीयारी में शीतला माता का वार्षिक मेला, श्रद्धा और भाईचारे का अनोखा संगम

**चमकता राजस्थान/जुगल किशोर बावल**/मारवाड़ जंक्शन के निकट स्थित सिरीयारी गांव में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शीतला माता का विशाल मेला श्रद्धा और उल्लास के साथ भरा। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मेले में पहुंचे और माता जी के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। मेले के दौरान परंपरागत गैर नृत्य का विशेष आकर्षण देखने को मिला, जिसमें मुख्य भूमिका हजारीराम माली ने निभाई। फागुन के पारंपरिक गीतों पर थिरकते कलाकारों ने माहौल को भक्तिमय और उत्साहपूर्ण बना दिया।

मेले में बच्चों की खास रौनक देखने को मिली। नन्हे-मुन्ने तरह-तरह की मिठाइयों और खिलौनों का आनंद लेते नजर आए। वहीं, ग्रामीणों ने श्रद्धा भाव से शीतला माता की पूजा-अर्चना कर परिवार की खुशहाली की कामना की। पूरे आयोजन के दौरान आपसी भाईचारा और सौहार्द की मिसाल देखने को मिली, जहां सभी लोग मिल-जुलकर इस धार्मिक उत्सव का आनंद लेते नजर।

### 95 प्रतिशत अंक लाने पर तनुश्री का सम्मान

- **आर.के.सी.एल की ओर से आयोजित फाईनेंशियल एकाउन्ट परीक्षा मे प्राप्त किए उत्कृष्ट अंक**

**चमकता राजस्थान/जुगल किशोर बावल/ पाली।** राजस्थान नालेज ऑफ कम्प्यूटर कॉरपरेशन की ओर से आयोजित राजस्थान राज्य फाईनेंशियल एकाउन्ट परीक्षा मे जिले उत्कृष्ट अंक प्राप्ति पर मंगलवार को जिला परिषद कार्यालय मे परीक्षार्थी को मेरिट प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।



आर.के.सी.एल जिला परियोजन अधिकारी हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि राजस्थान नालेज ऑफ कम्प्यूटर कॉरपरेशन की ओर से आयोजित राजस्थान राज्य फाईनेंशियल एकाउन्ट ऑनलाइन परीक्षा मे सरदार पटेल नगर निवासी तनुश्री पुत्री विक्रम सिंह परिहार ने 95 प्रतिशत अंक लाकर जिले का नाम रोशन किया। जिस पर मंगलवार को जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुकेश चौधरी, डीओआईटी के संयुक्त निदेशक राजेश चौधरी ने मेरिट प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उप निदेशक संजय खान ,सहायक प्रोगामर विजय कुमार, अनिल कुमार शर्मा, जितेन्द्र कुमार शर्मा, लक्ष्मण गौड आदि मौजूद रहे।

### कामवन में हत्या के विरोध में आक्रोश रैली, दोषी को फांसी देने की मांग



**चमकता राजस्थान/मनोज खत्री/जिला ब्यूरो चीफ डीग। कामवन।** दिल्ली निवासी तरुण की हत्या के विरोध में मंगलवार को कामवन शहर में जोरदार आक्रोश रैली निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों और समाजसेवियों ने भाग लेकर घटना के प्रति गहरा रोष व्यक्त किया।बजरंग दल के जिला सह संयोजक अरविंद शर्मा ने बताया कि रैली में सैकड़ों लोगों की भागीदारी रही और सभी ने एक स्वर में हत्या के आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द कार्रवाई करते हुए दोषी को फांसी देने की मांग उठाई।रैली के दौरान लोगों ने ''न्याय दो'' के नारे लगाए और पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय दिलाने की अपील की। साथ ही, कानून-व्यवस्था को मजबूत करने की भी मांग की गई ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।इस मौके पर डेविल गुर्जर उर्फ रवि कनवाड़ा, टीम गौ सेवक भूरा गुर्जर कनवाड़ा, बिजेंद्र सिंह बोरखेड़ा, मोनू छिछरवाड़ी, भरत ठाकुर टिकरी, रोहित सरपंच बरौलीधाऊ, सोनू कनवाड़ा, सागर कनवाड़ा, दीपक सैनी कामवन, राहुल साहू, शिवा कामा, बीरू कामा, भोला पंडित घाटा, आयुष राजपूत कामा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### बालिका विद्यालय देसूरी में 76बालिकाओं को साईकिलें वितरित



**चमकता राजस्थान/जुगल किशोर बावल/पाली।** देसूरी स्थानीय शाह दलीचंद मगनीराम जी गोदानी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय देसूरी में अतिरिक्त मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी देसूरी विजयसिह माली, पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी जगदीश व संस्था प्रधान गजेंद्र सिंह के सानिध्य में कक्षा 9में अध्ययनरत 76बालिकाओं को राजस्थान सरकार की ओर से निःशुल्क साइकिल वितरित की गई। संस्था प्रधान गजेंद्र सिंह ने बताया कि इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी देसूरी विजयसिह माली ने बालिका शिक्षा के लिए राज्य सरकार द्वारा चलाई जाने वाली लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा बालिकाओं को नियमित विद्यालय आने का आ''ान किया।इस अवसर पर डॉ राजश्री शर्मा, गणपतसिंह,ठाकरराम देवासी,किरण,माधवी चारण, तय्यब अहमद, ममता व्यास, कुलदीप भीमावत, कौशल्या पुरी,काजल गिलुंडिया, बंशीलाल समेत समस्त स्टाफ सदस्य व अभिभावक उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए राजकीय विद्यालयों में कक्षा 9में अध्ययनरत बालिकाओं को राज्य सरकार द्वारा निःशुल्क साइकिल वितरित की जाती है।सत्र 2025-26में कक्षा 9में अध्ययनरत बालिकाओं को साईकिलें दी जानी है।

## आगामी पर्व के मद्देनज़र लखीसराय में विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर वीडियो कांफ्रेंस

चमकता राजस्थान



**लखीसराय/ सौरव कुमार।** लखीसराय में आज आयुक्त, मुंगेर प्रमंडल, मुंगेर की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आगामी पर्व ईद-उल-फितर, रामनवमी एवं महावीर जयंती के मद्देनज़र विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान आयुक्त महोदय मुंगेर प्रमंडल ने सभी जिलों को निर्देश दिया कि पर्व-त्योहारों के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थलों की पहचान कर वहां पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में विशेष रूप से जुलूस मार्गों के सत्यापन, भीड़ नियंत्रण, ट्रैफिक व्यवस्था, साफ-सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था पर बल दिया गया। आयुक्त ने कहा कि सभी जिलों में शांति समिति की बैठक नियमित रूप से आयोजित की जाए तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं बुद्धिजीवियों के साथ समन्वय स्थापित किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अफवाह या तनाव की स्थिति उत्पन्न न हो।इसके साथ ही, नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) को 24×7 सक्रिय रखने एवं आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया देने के निर्देश भी दिए गए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में लखीसराय जिला से जिला पदाधिकारी श्री मिथिलेश मिश्र जी एवं पुलिस अधीक्षक श्री वैभव शर्मा जी सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे` इसके साथ ही लखीसराय सहित मुंगेर प्रमंडल के सभी जिलों के जिला पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं संबंधित प्रशासनिक पदाधिकारी जुड़े।

## आक्रामक कुत्तों के मुद्दे पर उग्र हुआ विरोध, 15 सूत्रीय मांग-पत्र सौंपा

चमकता राजस्थान



**श्रीगंगानगर (संजय बिश्नोई)।** शहर में बढ़ते डॉग अटैक मामलों को लेकर डॉग अटैक संघर्ष समिति का गुस्सा सोमवार को सड़कों पर नजर आया। समिति के सदस्यों ने जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रशासन के खिलाफ जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया और अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की।

प्रदर्शन के बाद समिति प्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन और नगर परिषद को 15 सूत्रीय मांग-पत्र सौंपा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री, स्वायत्त शासन मंत्री, पशुपालन मंत्री, मुख्य सचिव, निदेशक स्वायत्त शासन विभाग और निदेशक पशुपालन विभाग को भी ज्ञापन भेजकर जल्द कार्रवाई की मांग की गई।

वार्ता के दौरान समिति ने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि यदि एनिमल बर्थ कंट्रोल (ABC) नियमों और माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की शीघ्र पालना नहीं की गई, तो समिति उग्र आंदोलन करने को मजबूर होगी।

**प्रमुख मांगें:**

समिति द्वारा सौंपे गए मांग-पत्र में शहर के हर वार्ड में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने पर जोर दिया गया है। प्रमुख मांगों में शामिल हैं:

वार्ड नंबर 1 से 65 तक के सभी आक्रामक कुत्तों को शेल्टर होम में शिफ्ट किया जाए। नसबंदी के लिए ले जाए गए आक्रामक कुत्तों को दोबारा उसी स्थान पर न छोड़ा जाए। शहर के सभी वार्डों में डॉग फीडिंग जोन निर्धारित कर वहां स्पष्ट बोर्ड लगाए जाएं। समिति का कहना है कि शहर में लगातार बढ़ रहे कुत्तों के हमलों से आमजन में भय का माहौल है, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है।

प्रदर्शन में सतीश शर्मा, श्यामलाल शेखावाटी, शंकर मेघवाल, नरेश सेतिया, कालीचरण अग्रवाल, इंजीनियर बंशीधर जिंदल, राधेश्याम गौड़, कनिष्क पारीक, राकेश शर्मा, राजेश कपिल, कृष्णलाल नागर, मनोज सुथार, सुखविंद्र सिंह, प्रभुदयाल नेहरा, जसकरण सिंह, रोहित शर्मा, रामचंद्र भरनावा, नरेंद्र सेतिया, रवि बिश्नोई, एडवोकेट कुलविंद्र सिंह, विजय भाटिया और पंकज कुक्कड़ सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

समिति ने प्रशासन को स्पष्ट संदेश दिया है कि यदि जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए तो यह आंदोलन और तेज किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### जालोर में मान्यवर कांशीराम की 92वीं जयंती मनाई गई

**चमकता राजस्थान/ब्यूरो रिपोर्ट /कयूम खान /जालौर।** जालोर में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित विभाग के निर्देशन में रविवार को कांशी राम की 92वीं जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम राजीव गाँधी भवन में आयोजित हुआ, जहां कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कांशीराम की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि कांशीराम ने अपना पूरा जीवन अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए समर्पित किया। सामाजिक न्याय और समान अधिकारों के लिए उनका संघर्ष आज भी लाखों लोगों के लिए प्रेरणा बना हुआ है। कार्यक्रम के बाद कांग्रेस अनुसूचित विभाग की कार्यकारिणी बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें जिले में संगठन को और मजबूत बनाने तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया गया। बैठक में वक्ताओं ने राज्य की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि सरकार को बने दो वर्ष से अधिक समय हो चुका है, लेकिन जनता के लिए कोई बड़ा काम सामने नहीं आया है। उन्होंने कहा कि पूर्व की कांग्रेस सरकार ने कई ऐतिहासिक विकास कार्य किए, जिन्हें आज भी जनता याद करती है। इस दौरान कई कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इस अवसर पर पुखराज पाराशर, खसाराम मेघवाल, सुरेश मेघवाल, गीता श्री मेघवाल, मदनलाल दहिया, भोमाराम मेघवाल, पुखराज मेघवाल, लक्ष्मण सांखला, टिलाराम मेघवाल, रमेश कुमार भाद्राजून, रमेश कुमार, महेंद्र सोनगरा, शांतिलाल मेघवाल, वेलाराम मेघवाल, चंद्रशेखर मेघवाल, भैराराम, मालाराम, जयंतीलाल, सुरेश चौधरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### राजस्थान दिवस समारोह में सिन्धी लोकगीतों की बहेंगी सुर-लहरियां

**चमकता राजस्थान/जयपुर।** राजस्थान सरकार द्वारा 'राजस्थान दिवस समारोह' के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में राजस्थान सिन्धी अकादमी द्वारा राजस्थान ललित कला अकादमी एवं जवाहर कला केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में 18 मार्च, 2026 को सायं 6.00 बजे जवाहर कला केन्द्र के शिल्पग्राम में 'सांस्कृतिक संध्या' का आयोजन किया जा रहा है। अकादमी सचिव डॉ.रजनीश हर्ष ने बताया कि कार्यक्रम में अजमेर के मशहूर सिन्धी भगत श्री घनश्याम भगत एण्ड पार्टी द्वारा सिन्धी लोककला 'भगत' की प्रस्तुति दी जायेगी। यह कला सिन्धी समुदाय की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है। इसके अन्तर्गत लोक गायक पारम्परिक वेशभूषा में लोकगायन, लोकनृत्य तथा लोककथाओं की प्रस्तुति नाचकर, गाकर एवं व्यग्यांत्मक रूप में प्रस्तुति देते हैं। प्राचीन समय से भगत को सुनने एवं देखने वाले दर्शक घंटों तक मंत्रमुग्ध होकर तल्लीनता से इसका आनन्द लेते हैं। सांस्कृतिक संध्या में जयपुर के प्रसिद्ध सिन्धी गायक श्री मनोज मामनानी द्वारा सिन्धी गीतों की भी प्रस्तुति दी जायेगी। उनके द्वारा सिन्धी भजन, कलाम एवं शूफी गीतों की प्रस्तुति दी जायेगी। कार्यक्रम में दर्शकों का प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

### श्रीगंगानगर से बड़ी खबरः बॉर्डर क्षेत्र में श्वानों का आतंक, 7 वर्षीय बच्ची पर हमला

**चमकता राजस्थान/श्रीगंगानगर (संजय बिश्नोई)।** भारत-पाक अंतर्राष्ट्रीय बॉर्डर से सटे इलाकों में आवारा श्वानों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। ताजा मामला श्रीकरणपुर क्षेत्र के गांव 39ल बुर्जवाला से सामने आया है, जहां राह चलती एक मासूम बच्ची पर श्वान ने हमला कर दिया।

जानकारी के अनुसार 7 वर्षीय बच्ची कोमल पर अचानक श्वान ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। हमले के दौरान श्वान ने बच्ची के शरीर को कई जगह से काटकर लहूलुहान कर दिया। परिजनों और ग्रामीणों ने तुरंत बच्ची को नजदीकी राजकीय अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए श्रीगंगानगर रेफर कर दिया गया।

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में श्वानों का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि वे अब पशुओं को भी निशाना बना रहे हैं। बीती रात भी श्वानों ने एक गरीब परिवार की दो बकरियों को मार डाला। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से गांव में भय का माहौल बना हुआ है।

वहीं, शहरी क्षेत्रों में भी श्वानों द्वारा बच्चों, बुजुर्गों और पशुओं पर हमले की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिससे आमजन में रोष व्याप्त है। घटना के बाद ग्रामीणों ने एसडीएम अदिति यादव को फोन पर पूरे मामले की जानकारी दी और आवारा श्वानों से निजात दिलाने की मांग उठाई। साथ ही पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की भी मांग की गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द ठोस कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

### दो युवकों को विदेश भेजने के नाम पर लाखों की ठगी, फर्जी एजेंट गिरोह का खुलासा

**चमकता राजस्थान/रायसिंहनगर (संजय बिश्नोई)।** क्षेत्र में विदेश भेजने के नाम पर ठगी का एक बड़ा मामला सामने आया है, जिसमें दो युवकों से लाखों रुपये ऐंठ लिए गए। पीड़ितों के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, गांव ढंडी निवासी प्रेम कुमार जाट ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उसकी पहचान सोशल मीडिया के माध्यम से अंकुर चौधरी नामक व्यक्ति से हुई थी। आरोपी ने खुद को विदेश भेजने वाला एजेंट बताया और अपना ऑफिस बुढ़ाना (उत्तर प्रदेश) में होना बताया।

आरोपी ने प्रेम कुमार के भाई को माल्टा भेजने का झांसा देकर 1 लाख 80 हजार रुपये ऑनलाइन और 1 लाख रुपये नकद वसूल लिए। इसके अलावा दूसरे भाई को क्रोएशिया भेजने के नाम पर 1 लाख 50 हजार रुपये और ले लिए गए। इस दौरान आरोपी ने फर्जी ऑफर लेटर और गलत नाम-पते से एग्रीमेंट भी तैयार करवाया।

कुछ समय बाद आरोपी ने संपर्क कम कर दिया और शेष पैसे लौटाने से भी मना कर दिया। जांच में सामने आया कि आरोपी का असली नाम नावेज पुत्र मेहंदी हसन है, जिसने फर्जी पहचान के जरिए यह ठगी की वारदात को अंजाम दिया।

मामले में एक अन्य व्यक्ति सोनू उर्फ रवि कंवर की भूमिका भी सामने आई है, जिसने फोन पर बातचीत कर पीड़ितों का भरोसा जीतने में सहयोग किया।

पुलिस ने धोखाधड़ी और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर पूरे गिरोह का पर्दाफाश किया जाएगा।

- **प्रशासन की अपील:**

पुलिस ने आमजन से अपील की है कि विदेश भेजने के नाम पर किसी भी एजेंट को पैसे देने से पहले उसकी पूरी जांच-पड़ताल करें और केवल अधिकृत एजेंसियों के माध्यम से ही प्रक्रिया पूरी करें, ताकि इस तरह की ठगी से बचा जा सके।

# उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शिल्पग्राम में राजस्थान ललित कला अकादमी द्वारा आयोजित कला मेले का किया शुभारम्भ

चमकता राजस्थान



**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री तथा पर्यटन, कला-साहित्य एवं संस्कृति तथा पुरातत्व मंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को जवाहर कला केंद्र स्थित शिल्पग्राम में राजस्थान ललित कला अकादमी द्वारा आयोजित कला मेले का शुभारम्भ किया। यह कला मेला 21 मार्च तक चलेगा जिसमें आमजन का निःशुल्क प्रवेश है। उपमुख्यमंत्री ने इस अवसर पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि राज्य सरकार की घोषणा अनुसार इस बार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को 19 मार्च को राजस्थान दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने राजस्थान दिवस की अग्रिम शुभकामनायें देते हुए कहा कि राजस्थान दिवस हमारी धरोहर और हमारी लोक संस्कृति का उत्सव है।

दिया कुमारी ने कहा कि राजस्थान दिवस समारोह के अंतर्गत पर्यटन, कला- साहित्य एवं संस्कृति तथा पुरातत्व विभाग की ओर से 14 मार्च से 19 मार्च तक लोक संस्कृति से परिपूर्ण विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत आज इस कला मेले का शुभारंभ हुआ है। उन्होंने कहा कि इस मेले में प्रदेश के युवा कलाकारों की कलाकृतियों को बेहतरीन रूप से प्रदर्शित किया गया। आज की पीढ़ी हमारी कला एवं संस्कृति और ऐतिहासिक धरोहरों के बारे में जाने और उन्हें सुरक्षित रखकर अगली पीढ़ी तक पहुंचाएं।

कला-साहित्य एवं संस्कृति विभाग की उप सचिव तथा जवाहर कला केंद्र की अतिरिक्त महानिदेशक डॉ. अनुराधा गोगिया ने बताया कि यह कला मेला जवाहर कला केंद्र में 17 मार्च से 21 मार्च तक चलने वाला यह मेला राजस्थान ललित कला अकादमी द्वारा क्यूरेटेड किया गया है।

उक्त कला मेले में पारंपरिक और समसामयिक कला गतिविधियां आयोजित की जा रही है। जिसमें लगभग 100 से अधिक स्टॉल कलाकारों को आवंटित की गई हैं। जिनके माध्यम से विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन किया जा रहा है।

इस अवसर पर राजस्थान की लोक संस्कृति से ओतप्रोत और लोक नृत्य की भी भव्य प्रस्तुति की गई। जिसमें राजकी सपेरा एवं उनके समूह द्वारा कालबेलिया नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर राज की सपेरा एवं पूरण नाथ सपेरा की सुपुत्री ममता सपेरा मोरचंग वाद्य की मधुर प्रस्तुति दी। जिसमें राजस्थान के खरताल वाद्य यन्त्र का भी समायोजन रहा। इसी प्रकार रूप दास तेरह ताली पार्टी , पाली द्वारा तेरहताली नृत्य का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर श्रवण गेगावत द्वारा मासक वादन किया गया। इसके साथ ही कच्छी घोड़ी कलाकारों ने अपनी कला होने से सबको आकर्षित किया वही शहनाई नागौर की गूंज से वातावरण वातावरण में उत्सवी रंग घुल गए।

# विराट व्यक्तित्व के धनी थे आदर्श शिक्षक डॉ. प्रभुलाल चौधरी

चमकता राजस्थान



**अविनाश शर्मा/उज्जैन।** वरिष्ठ साहित्यकार, आदर्श शिक्षक एवं हिंदी सेवी डॉ प्रभुलाल चौधरी का असामयिक निधन, साहित्य, समाज एवं संस्कृति जगत में शोक की लहर, व्याप्त महामहिम राज्यपाल श्री थावरचंद गेहलोत सहित देश भर के साहित्यकार, राजनेता और संस्कृतिकर्मियों ने अर्पित की श्रद्धांजलि

प्रतिष्ठित संस्था राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना, उज्जैन के संस्थापक, साहित्यकार, राज्यपाल सम्मान प्राप्त शिक्षक एवं हिंदी सेवी डॉ प्रभुलाल चौधरी का असामयिक निधन हो गया। उनके निधन से साहित्य एवं संस्कृति जगत में शोक की लहर व्याप्त हो गई। प्रयागराज के साहित्यिक - सांस्कृतिक प्रवास से उज्जैन लौटते हुए उनका निधन स्तब्धकारी है। देश - दुनिया के अनेक साहित्यकार, राजनेताओं, संस्कृतिकर्मियों और संस्थाओं द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कर्नाटक के महामहिम राज्यपाल श्री थावरचंद गेहलोत जी ने उनके निधन पर शोक प्रकट करते हुए कहा कि राष्ट्रवादी विचारक, समाजसेवी, साहित्यकार एवं शिक्षाविद् मेरे परम मित्र श्री प्रभुलाल जी चौधरी के देवलोक गमन का दुःखद समाचार प्राप्त हुआ। यह हम सबके लिए अपूरणीय क्षति है। मैं, इस दुःख की घड़ी में परिवार के साथ हूँ और दिवगंत आत्मा को श्रद्धाजंलि अर्पित करता हूँ। महिदपुर रोड के निकट श्री प्रभु चौधरी के पैतृक गांव कसारी चौहान में उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुक्तिधाम पर उनके पुत्र जितेंद्र चौधरी ने मुखाग्नि दी। शोकसभा की अध्यक्षता सम्राट् विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलानुशासक प्रो. शैलेंद्र कुमार शर्मा ने की। उन्होंने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि श्री चौधरी जी के साथ उनका लगभग साढ़े तीन दशकों का आत्मीय साहचर्य रहा। वे सदैव अपने लेखन कर्म के साथ साहित्य, शिक्षा और संस्कृतिकर्म से सम्बद्ध संस्थाओं में अपना सक्रिय योगदान देते रहे। प्रो शर्मा ने कर्नाटक के महामहिम राज्यपाल श्री थावरचंद गहलोत का शोक संदेश पढ़कर सुनाया।

## अज्ञात कारणों से टेंपो धू-धू कर जला, अग्निशमन ने बचाया आधा हिस्सा



**चमकता राजस्थान/भरत कुमार गांधी/ रानी ।** कस्बे में भारतीय इस्पात के पास खाली पड़े प्लॉट व कचरा स्थल के समीप खड़े एक खराब टेंपो में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार रानी कृष्ण एजेंसी के मालिक रामलाल द्वारा दूरभाष पर दी गई सूचना के बाद नगर पालिका की अग्निशमन टीम मौके पर पहुंची और तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि तेजाराम सुथार का टेंपो (नंबर RJ 22 GA 3855) काफी समय से वहां खड़ा था, जिसमें अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई। आग की चपेट में आने से टेंपो की वायरिंग, सीटें और आगे का केबिन पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। हालांकि दमकल कर्मियों की सूझबूझ से टेंपो के पिछले हिस्से और टायरों को सुरक्षित बचा लिया गया, जिससे बड़ा नुकसान टल गया। घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है, लेकिन समय रहते आग पर काबू पाने से आसपास के क्षेत्र में बड़ा हादसा होने से बच गया।

## ''सम्मान पर लगी चोट तो ताम्रपत्र लौटाने पहुंचे मीशा बंदी, भाजपा मंडल अध्यक्ष पर गंभीर आरोप''



**चमकता राजस्थान/धरम सिंह ठाकुर,डिंडोरी ।**''जब सहनशक्ति की सीमा टूटती है, तो आवाज खुद-ब-खुद बुलंद हो जाती है''—कुछ ऐसा ही नजारा मंगलवार दोपहर डिंडोरी जिला कलेक्टर कार्यालय में देखने को मिला, जब शहपुरा के मीशा बंदी जय नारायण साहू अपनी पीड़ा लेकर प्रशासन के दरवाजे पर पहुंचे। जय नारायण साहू ने भाजपा मंडल अध्यक्ष पर जमीन कब्जाने, मारपीट करने और सार्वजनिक रूप से अपमानित कर उनकी गरिमा को ठेस पहुंचाने जैसे गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने बताया कि इन घटनाओं से उनका सम्मान गहरे रूप से आहत हुआ है और उन्हें न्याय की आस में प्रशासन का सहारा लेना पड़ा। मंगलवार दोपहर लगभग 12:30 बजे कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर उन्होंने कलेक्टर अंजू पवन भदोरिया से मुलाकात की और पूरे मामले की विस्तार से जानकारी दी। अपनी व्यथा सुनाते हुए साहू ने कहा कि जब एक सम्मानित नागरिक को ही उचित सम्मान नहीं मिलता, तो उसके लिए मिले सम्मान चिन्ह का कोई अर्थ नहीं रह जाता। इसी भाव के साथ उन्होंने अपना ताम्रपत्र प्रशासन को लौटाने का निर्णय भी सुनाया। गौरतलब है कि कलेक्टर अंजू पवन भदोरिया ने मामले को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन इस संवेदनशील मामले में कितनी तत्परता से कार्रवाई करता है और पीड़ित को न्याय मिल पाता है या नहीं।

## रानी नगर पालिका का स्वच्छता अभियान तेज, शहरभर में चला विशेष सफाई अभियान

**चमकता राजस्थान/भरत कुमार गांधी/रानी।** राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में नगर पालिका रानी द्वारा स्वच्छ भारत मिशन 2.0 (शहरी) के अंतर्गत स्वच्छता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बनाना है। 14 मार्च से 19 मार्च 2026 तक चल रहे इस स्वच्छता सप्ताह के तहत मंगलवार, 17 मार्च को नगर पालिका क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान शहर के विभिन्न वार्डों में साफ-सफाई कर कचरा हटाया गया तथा आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। यह अभियान अधिशासी अधिकारी मगराज चौधरी के निर्देशानुसार संचालित किया गया। इसमें स्वच्छ भारत मिशन के इंजीनियर मोनूकांत, स्वच्छता निरीक्षक तेजकरण, जमादार सुरेश आदिवाल सहित नगर पालिका के सभी कर्मचारियों एवं सफाई कर्मियों ने सक्रिय सहयोग किया।

## जियो पेमेंट्स बैंक ने शुरू की यूपीआई आधारित कैश विड्रॉल सेवा

चमकता राजस्थान

- **बिज़नेस कॉरेस्पोंडेंट टचपॉइंट्स पर क्यूआर स्कैन कर बिना डेबिट कार्ड निकाला जा सकेगा पैसा**
- **ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में डिजिटल भुगतान व वित्तीय समावेशन को मिलेगा बढ़ावा**

**मुंबई।** जियो पेमेंट्स बैंक लिमिटेड ने यूपीआई आधारित कैश विदड्रॉल सेवा शुरू करने की घोषणा की है। जिसके तहत ग्राहक अब बिज़नेस कॉरेस्पोंडेंट टचपॉइंट्स पर क्यूआर कोड स्कैन कर नकद निकाल सकेंगे। मतलब बिना डेबिट कार्ड और पारंपरिक एटीएम न होने के बाद भी ग्राहक अपना पैसा निकाल सकेंगे।

बैंक के अनुसार, नई सेवा खासतौर पर ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों के ग्राहकों को ध्यान में रखकर शुरू की गई है, जहां एटीएम पहुंच सीमित है। ग्राहक अपने यूपीआई ऐप के माध्यम से ट्रांजैक्शन ऑथराइज कर आसानी से नकद प्राप्त कर सकेंगे।

जियो पेमेंट्स बैंक ने कहा कि कार्डलेस कैश विड्रॉल सुविधा डिजिटल भुगतान और नकद उपयोग के बीच की दूरी को कम करेगी तथा पहली बार डिजिटल भुगतान अपनाने वाले उपयोगकर्ताओं को सुरक्षित और सहायक वातावरण में यूपीआई अनुभव प्रदान करेगी। बैंक का कहना है कि अपने डिजिटल भुगतान इंफ्रास्ट्रक्चर और लास्ट-माइल बिज़नेस कॉरेस्पोंडेंट नेटवर्क के जरिए यह पहल देश में बैंकिंग सेवाओं की पहुंच बढ़ाने, नकद-निर्भर वर्गों तक यूपीआई का विस्तार करने और वित्तीय समावेशन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# शुभलक्ष्मी ज्वैलर्स की दुकान पर नकाबपोश बदमाशों का तीसरी बार बोल दिया धावा, लगभग 64 लाख की चोरी

चमकता राजस्थान

**रिवेन्द्र कुमार शर्मा/कुण्डल।** क्षेत्र में सोमवार देर रात बड़ी आपराधिक वारदात सामने आई, जहां 15 से 20 नकाबपोश बदमाशों ने एक ज्वैलर्स की दुकान पर धावा बोलकर करीब 64 लाख रुपए के सोने-चांदी के आभूषण व नकदी लूट ली। घटना से कस्बे में दहशत का माहौल है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, कस्बे में स्थित शुभलक्ष्मी ज्वैलर्स एंड संस नामक दुकान को बदमाशों ने 16-17 मार्च की मध्य रात्रि करीब 12 से 1 बजे के बीच निशाना बनाया। बदमाश दुकान का शटर तोड़कर अंदर घुसे और वहां रखे सोने-चांदी के आभूषण व नकदी समेटकर फरार हो गए। पीड़ित पवन कुमार सोनी ने बताया कि लुटेरे दुकान से करीब 16 किलो 800 ग्राम चांदी, लगभग 175 ग्राम सोना और गल्ले में रखी 1 लाख 5 हजार 600 रुपए की नकदी ले गए। चोरी गए सामान की कुल कीमत लगभग 64 लाख रुपए आंकी गई है।



घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिसकी रिकॉर्डिंग पुलिस को सौंप दी गई है।

पीड़ित ने बताया कि इससे पहले भी उनकी दुकान को दो बार निशाना बनाया जा चुका है। वारदात के बाद बदमाशों ने पास में स्थित उनके चाचा की दुकान लखदातार ज्वैलर्स में भी लूट का प्रयास किया, लेकिन शटर तोड़ने की आवाज सुनकर परिजन जाग गए। विरोध करने पर बदमाश देसी कट्टे जैसा हथियार दिखाकर मौके से फरार हो गए।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में नाकाबंदी कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। इससे पूर्व इसी दुकान पर 17 नवंबर 2021 को करीब 7लाख रुपए के जेवरात की चोरी हुई थी। दूसरी बार 17 जनवरी 2022 को भी चोरों द्वारा गैस कट्टर द्वारा शटर काटकर चोरी का प्रयास किया गया था। लेकिन जाग होने से असफल रहे। तीसरी बार 17 मार्च 2026 को कुल 64 लाख रुपए जेवरात और नगदी की चोरी करने में चोर कामयाब रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### जोधपुर पुलिस आयुक्त ,शरत कविराज द्वारा, उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए, सम्मानित



**चमकता राजस्थान/मनीष मेहता/जोधपुर।** समाजसेवी निरूपा पटवा को रिजर्व पुलिस लाइन पुलिस आयुक्तालय द्वारा , निशुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन करवाया गया जिसमें पुलिस अधिकारीयो ,कर्मचारी गण एव उनके परिवार जन का स्वास्थ्य परीक्षण किया एव उनको अच्छे स्वास्थ्य के लिए जानकारिया दी ताकि भविष्य में आने वाली बीमारियों से बचाव किया जा सके

उक्त कार्य के लिय जोधपुर पुलिस आयुक्त शरत कविराज ने निरुपा पटवा की प्रशंसा करते हुए तारीफ की और उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर उज्जवल भविष्य की कामना की । निरूपा पटवा को पूर्व में भी तीन बार जिला कलेक्टर द्वारा , महाराजा गजसिंह जी द्वारा वीर दुर्गादास राठौड़ सम्मान ,दो बार सुप्रीम कोर्ट के जज द्वारा , दादा साहेब फाल्के सम्मान सहित सौ से ज़्यादा सम्मान एव पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है

कई वर्षों से निरंतर सेवा के क्षेत्र मे कार्यरत हैं एवं वर्तमान में कई संस्थान में प्रमुख पद पर भी कार्यरत हैं। कई निजी संस्थान में एंटी रैगिंग कमेटी की सदस्य पद पर भी हैं एव महिला सुरक्षा के लिए निरंतर काम कर रही हैं।

### राजस्थान दिवस समारोह में सिन्धी लोकगीतों की बहेंगी सुर-लहरियां

**चमकता राजस्थान/जयपुर, 17 मार्च (वि.)।** राजस्थान सरकार द्वारा 'राजस्थान दिवस समारोह' के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में राजस्थान सिन्धी अकादमी द्वारा राजस्थान ललित कला अकादमी एवं जवाहर कला केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में 18 मार्च, 2026 को सायं 6.00 बजे जवाहर कला केन्द्र के शिल्पग्राम में 'सांस्कृतिक संध्या' का आयोजन किया जा रहा है। अकादमी सचिव डॉ.रजनीश हर्ष ने बताया कि कार्यक्रम में अजमेर के मशहूर सिन्धी भगत श्री घनश्याम भगत एण्ड पार्टी द्वारा सिन्धी लोककला 'भगत' की प्रस्तुति दी जायेगी। यह कला सिन्धी समुदाय की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है। इसके अन्तर्गत लोक गायक पारम्परिक वेशभूषा में लोकगायन, लोकनृत्य तथा लोककथाओं की प्रस्तुति नाचकर, गाकर एवं व्यग्यांत्मक रूप में प्रस्तुति देते हैं। प्राचीन समय से भगत को सुनने एवं देखने वाले दर्शक घंटों तक मंत्रमुग्ध होकर तल्लीनता से इसका आनन्द लेते हैं। सांस्कृतिक संध्या में जयपुर के प्रसिद्ध सिन्धी गायक श्री मनोज मामनानी द्वारा सिन्धी गीतों की भी प्रस्तुति दी जायेगी। उनके द्वारा सिन्धी भजन, कलाम एवं शूफी गीतों की प्रस्तुति दी जायेगी। कार्यक्रम में दर्शकों का प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

### भाजपा मण्डल डग कार्यकारिणी की सूची जारी

**चमकता राजस्थान/डग-17फरवरी(कुन्दन व्यास)।** भारतीय जनता पार्टी मण्डल डग मण्डल अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह प्रतिहार ने भारतीय जनता पार्टी मंडल डग की नव नियुक्त कार्यकारिणी की घोषणा पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे,सांसद दुष्यंत सिंह,एवम जिला अध्यक्ष हर्षवर्धन शर्मा,क्षेत्रीय विधायक कालूराम मेघवाल की सहमति से आज कार्यकारिणी की घोषणा की गई। प्रतिहार ने सभी नव नियुक्त दायित्व वान कार्य कर्ताओं को बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास हे की आप संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे।

डग मण्डल कार्यकारिणी की सूची में उपाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह रतनपुरा,उपाध्यक्ष गोपाल सिंह तिसाई,उपाध्यक्ष लोकेश जैन डग,उपाध्यक्ष सरदार सिंह गुनाई, उपाध्यक्ष बापू सिंह पटैल क्यासरा,उपाध्यक्ष तेजराज सिंह सालरिया,उपाध्यक्ष मीना पंवार डग,महामंत्री शिखर जैन डग, महामंत्री सुनील कुमार व्यास डग, मंत्री नैन सिंह पिपलिया खुर्द,मंत्री दिलीप सोनी डग, मंत्री बने सिंह ढाबला,मंत्री विक्रम सिंह डोबड़ा,मंत्री धारा सिंह,मंत्री प्रेम बाई डग,कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा डग कार्यालय मंत्री ओमप्रकाश नंदपुर,प्रवक्ता मेहरबान सिंह लुहारिया,सह प्रवक्ता रामलाल उमरवाल डग,आईटी संयोजक गोकुल सिंह पाड़ला,आईटी सह संयोजक राममनोहर राठौर डग,मन कि बात प्रभारी नवीन जाजू डग,मन कि बात सह प्रभारी धीरप सिंह उदयपुर,मीडिया प्रभारी कमल सिंह मंदिरपुर,मीडिया सह प्रभारी सुरेन्द्र सिंह भड़का आदि पदाधिकारी एवं 35सदस्य मनोनीत किये।

### संगठित समाज ही विकास का पथ चुनता है गंगासहाय ढोलावास

**चमकता राजस्थान/दौसा। (दीपक शर्मा बामनवास) लालसोट खुर्रा।** श्री महर्षि गौतम सेवा समिति खुर्रा द्वारा सोमवार को बिजासनी माता की धरती पर आयोजित महर्षि गौतम जयंती उत्सव धूम धाम से संपन्न हुआ।

मंत्री मुकेश कुमार गौतम नारौली चौड़ ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आचार्य बाबूलाल शर्मा, बस्सी,गंगासहाय शर्मा ढोलावास, विशिष्ट अतिथि महेंद्र कुमार शर्मा गढोली,बुद्धि प्रकाश शर्मा झर, गिर्राज शर्मा,लिवाली, भरत लाल शर्मा, वैध मोहन लाल गौतम छारेडा एवं अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष प्रेम शंकर शर्मा सुखानंदपुरा ने की।

कार्यक्रम का आरंभ महर्षि गौतम जी के चित्रपट पर माल्यार्पण,दीप प्रज्वलन कर किया गया। सभी अतिथियों का माला,दुपट्टा ,प्रतिक चिन्ह,भेट कर स्वागत सत्कार किया गया । श्री महर्षि गौतम जयंती महोत्सव एवं अभिनन्दन समारोह में समाज की राष्ट्रीय मासिक पत्रिका श्री गुर्जर गौड़ लोक चेतना का पोस्टर विमोचन मंचस्थ अतिथियों द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि गंगा सहाय शर्मा ढोलावास ने अपने उदबोद्वन में कहा कि समाज को सामाजिक कार्य में अपनी अपनी भागीदारी,तन,मन,धन,और समय,का अवश्य सहयोग करना चाहिए,लोकतंत्र में संगठित समाज हमेशा अवसरों का लाभ उठाता रहा है अगर समाज संगठित नहीं रहेगा तो आपकी बात न सरकार सुनेगी और न कोई व्यक्ति इसलिए संगठित समाज ही विकास का पथ चुनता है । सभी वक्ताओं ने अपने अपने विचारों में कुप्रथाओं, कुरीतियों के विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज बंधुओं की उपस्थिति रही । वैध स्व श्री लाडली प्रसाद गौतम की स्मृति में उनके सुपुत्र मुकेश कुमार गौतम,महेश (बंटी) गौतम सुपौत्र हर्षित, आदित्य,मंयक गौतम नारौली चौड़ द्वारा श्री महर्षि गौतम आश्रम खुर्रा में कार्यालय के लिए एक कमरे का निर्माण करवाया जायेगा। सभी समाज बंधुओ ने मुकेश कुमार गौतम नारौली चौड़ का माला, दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। समाज बंधुओं ने यूजीसी के विरोध में सभी समाज बंधुओं ने दो मिनट का मौन रखकर न्याय शास्त्र प्रणेता महर्षि गौतम जी के चरणों में सरकार को सदबुद्धि की प्रार्थना की। कार्यक्रम में ओमप्रकाश घी वाले मंडावरी, सीताराम मलवास,वैध रामस्वरूप गौतम नारौली चौड़,रामरतन गौतम झर, गोविन्द गौतम बैराडा,राम भरोसी गौतम, सत्यनारायण शर्मा,गौरीशंकर गौतम नारौली चौड़,ओमप्रकाश गौतम नांगल चापा,मुकेश गौतम ब्रह्मपुरी जयपुर,जुगल किशोर सोती, मधुसूदन गौतम,रिपुसूदन गौतम पी,टी,आई श्याम पुरा, घनश्याम गौतम बगड़ी,रमेश गौतम अध्यापक, विनोद गौतम, सतीश गौतम, गोविन्द गौतम,राजु गौतम,गुलाब गौतम,मोती सोती,मंडावरी, उमाशंकर गौतम झाडोदा,सुरेश गौतम रणवा, सन्तोष गौतम, सत्यनारायण सेकेट्री आदि लालसोट कार्यक्रम में प्रसादी व्यवस्था भरत लाल शर्मा लालसोट की और से रही। मंच संचालन रामचरण गौतम सिरसाली,के द्वारा किया गया।

# विकास कार्यों के उद्घाटन के साथ रंगबिरंगी गुलाल व पन्नियां बरसाई, धूमधाम से जूनीधाम खेतलाजी मेले का आगाज

चमकता राजस्थान



**देसूरी।** सोनाणा के जूनीधाम खेतलाजी मंदिर प्रांगण में मंगलवार को विभिन्न विकास कार्यों के विधायक पुष्पेंद्रसिंह राणावत के कर कमलों से उद्घाटन के साथ ही तीन दिवसीय भव्य मेले का शुभारंभ हो गया।

प्रातः विधायक राणावत के पहुंचते ही मराठा बैंड व ढोल बाजों के साथ धूमधाम से स्वागत किया गया। इस दौरान आतिश बाज़ी के साथ रंग बिरंगी गुलाल आसमान में उड़ाई और चमकीली पन्नियों की बारिश की गई।

इस अवसर पर भामाशाहों के आर्थिक सहयोग से ट्रस्ट कमेटी के तत्वावधान में छह करोड़ की लागत से निर्मित परिक्रमा गेट, मंदिर का मुख्य द्वार, एसी डाइनिंग हॉल, दो नई लिफ्ट तथा नवनिर्मित एसी भोजनशाला का लोकार्पण किया गया। इसके साथ ही 56 फीट ऊंचे भव्य त्रिशूल, खेतलाजी के चांदी के रथ, चांदी के सिंहासन और नवनिर्मित के.सी. दुगड़ भवन (एसी गेस्ट हाउस) का भी शुभारंभ किया गया।

इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक राणावत ने कहा कि इस इलाके में ऋषि मुनियों की तपस्या का प्रतिफल है कि जगह जगह तपोस्थली व देवस्थान मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि कोराना काल में इस मंदिर ट्रस्ट ने पीड़ित मानवता की काफी सेवा की। इसलिए वे इस मंदिर ट्रस्ट के योगदान को याद करते है।

उन्होंने सुझाव दिया कि इस मंदिर प्रांगण की 18 बीघा जमीन पर सुनियोजित विकास हो। इसलिए भविष्य में निर्माण की योजना तैयार करे। ताकि पैसे का सदुपयोग और लोगो को सुविधा मिले। उन्होंने आश्वस्त किया कि वे राज्य सरकार से सहयोग को तत्पर रहेंगे।

# भारतीय हिन्दू नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा संवत 2083 के उपलक्ष्य मे आयोजित

## विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला मे आज लघु उद्योग भारती महिला इकाई, जोधपुर एवं नववर्ष महोत्सव समिति के संयुक्त तत्वावधान मे निशुल्क दन्त जांच शिविर का आयोजन स्माईल मैक्स डेंटल क्लिनिक, प्रतापनगर जोधपुर मे किया गया।

चमकता राजस्थान




**मनीष मेहता जोधपुर राजस्थान**
महिला इकाई अध्यक्ष श्रीमती मोना हरवानी ने भारतीय हिन्दू नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा संवत 2083 के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इस अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होने कहा कि हिन्दू नववर्ष के अवसर पर समाज हित मे इस प्रकार के सेवा कार्यों का आयोजन निरन्तर किया जा रहा है।

दन्त चिकित्सक डॉ. शिप्रा जैन ने शिविर मे उपस्थित महिलाओं व बच्चों की दांतो की जांच कर उन्हे दांतो की देखभाल, स्वच्छता तथा विभिन्न दन्त रोगों की रोकथाम के बारे मे जागरूक किया गया। साथ ही नियमित दन्त परीक्षण कराने, सही तरीके से ब्रश करने तथा संतुलित आहार अपनाने की सलाह दी गयी। इस शिविर मे महिलाओं व बच्चों ने बड़ी संख्या मे भाग लेकर अपने दांतो की जांच करवायी तथा दन्त स्वास्थ्य से संबंधित आवश्यक परामर्श प्राप्त किया। कार्यक्रम मे शिल्पा अग्रवाल, ममता मनानी, भावना मोटवानी, पूनम चौपडा, मालती मनसुखानी, दिव्या दंडवानी, हेमलता भण्डारी एवं उषा टाक सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।

### ठाणे - मुलुंड नए रेलवे स्टेशन के लिए 250 करोड़ मंजूर, संसद में उठी 'धर्मवीर आनंद दिघे' नाम देने की मांग सांसद नरेश म्हस्के



**चमकता राजस्थान/अरविंद कोठारी। नई दिल्ली:** संसद में 2026-27 के रेल बजट (अनुदान मांग) पर चर्चा के दौरान ठाणे शहर की बढ़ती आबादी और रेल व्यवस्था पर बढ़ते दबाव का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया गया। वक्ता ने कहा कि ठाणे जैसे 26 लाख की आबादी वाले शहर के लिए रेलवे सिर्फ परिवहन का साधन नहीं, बल्कि जीवनरेखा है।

ठाणे रेलवे स्टेशन पर बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए ठाणे से मुलुंड के बीच प्रस्तावित नए रेलवे स्टेशन के निर्माण कार्य को तेज करने की मांग की गई। इस परियोजना को लेकर लगातार किए गए प्रयासों का भी उल्लेख किया गया।

इन प्रयासों को सफलता मिलते हुए, सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे के सहयोग से रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस परियोजना के लिए 250 करोड़ रुपये के फंड को मंजूरी दी है। इसके लिए ठाणे की जनता की ओर से उनका आभार व्यक्त किया गया।

साथ ही, ठाणेझमुलुंड के बीच बनने वाले इस नए रेलवे स्टेशन का नाम ठाणे के प्रेरणास्थान धर्मवीर आनंद दिघे के नाम पर रखने की मांग ठाणे के सांसद नरेश म्हस्के द्वारा संसद में जोर-शोर से उठाई गई।

### इको क्लब ने शुरू किया 'ओ री चिरैया अभियान'




**चमकता राजस्थान/रफीक मंसूरी/खरगोन।** भीषण गर्मी के मौसम को देखते हुए महाविद्यालय के इको क्लब द्वारा चिड़ियों के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से 'ओ री चिरैया अभियान' का शुभारंभ किया गया। इस अभियान के अंतर्गत चिड़ियों के लिए नियमित रूप से दाना एवं पानी उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है।अभियान की जानकारी देते हुए इको क्लब प्रभारी डॉ. अनुराधा ठाकुर ने बताया कि छात्राएं पर्यावरण मित्र के रूप में प्रतिदिन चिड़ियों को दाना-पानी उपलब्ध करा रही हैं। उन्होंने कहा कि चिड़ियां पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं तथा उनकी पर्याप्त संख्या किसी क्षेत्र के स्वस्थ पर्यावरण का संकेत होती है। साथ ही चिड़ियों को दाना-पानी देना हमारी सांस्कृतिक परंपरा भी है, जिसे नई पीढ़ी व्यवहार में ला रही है।अभियान के अंतर्गत छात्राओं द्वारा छायादार स्थानों पर, पेड़ों के नीचे एवं आसपास सकोरों में दाना और पानी की नियमित व्यवस्था की जा रही है। बड़ी संख्या में छात्राएं इस अभियान से जुड़ी हैं तथा पूरे ग्रीष्मकाल में इसे निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया गया है।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. आर. के. यादव ने कहा कि गर्मियों में अधिकांश चिड़ियां भोजन और पानी के अभाव में दम तोड़ देती हैं, ऐसे में यह अभियान उनके जीवन संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।कार्यक्रम में डॉ. धर्मेंद्र भालसे, डॉ. ममता गोयल, डॉ. मनीषा चौहान, डॉ. मोनिका चौहान, डॉ. मनीष रघुवंशी सहित महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहीं।

### मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना के तहत जिले में चयनित वृंदावन ग्रामों के विकास को लेकर गति विधियां तेज हो गई हैं




**चमकता राजस्थान/रफीक मंसूरी खरगोन।** इसी कड़ी में ग्राम चोली में स्वयंसेवी संस्थान के प्रतिनिधियों के साथ समस्त विभागों के क्षेत्रीय कार्यकर्ता एवं अधिकारियों ने ग्राम भ्रमण किया तथा ग्रामीणों और विभिन्न वर्गों के लोगों के साथ बैठक कर गांव के विकास को लेकर विस्तार से चर्चा की।मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना का उद्देश्य गौपालन, डेयरी विकास और आत्मनिर्भरता के माध्यम से गांवों का समग्र विकास करना है। योजना के अंतर्गत 2000 से अधिक जनसंख्या और 500 से अधिक गोवंश वाले गांवों का चयन कर वहां आधारभूत संरचना, सौर ऊर्जा, जैविक खेती तथा रोजगार के साधन विकसित किए जाएंगे।बैठक के दौरान स्वास्थ्य,शिक्षा और स्वच्छता के साथ-साथ ग्रामीणों की आजीविका बढ़ाने तथा पशुधन के माध्यम से आय के स्रोत विकसित करने पर जोर दिया गया। साथ ही प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और गोधन से आर्थिक समृद्धि के साथ गांव के जल स्रोतों के सौंदर्यीकरण की योजनाओं पर भी विचार किया गया।ग्राम भ्रमण के दौरान किशोरी बालिकाओं, महिलाओं और बच्चों के समूहों से संवाद कर गांव की प्रमुख समस्याओं और आवश्यकताओं का आकलन किया गया। इसके साथ ही जनप्रतिनिधियों से भी मुलाकात कर विभिन्न विकास कार्यों और स्थानीय मुद्दों पर चर्चा की गई।वृंदावन ग्राम योजना के तहत गांव में गौशाला,सामुदायिक भवन आंगनवाड़ी स्वास्थ्य केंद्र, स्कूल और पक्की सड़कों के निर्माण के साथ सोलर स्ट्रीट लाइट,बायोगैस संयंत्र, सौर पंप तथा आजीविका के लिए वर्कशेड जैसी सुविधाएं विकसित किए जाने की योजना है।इस दौरान वसुधा विकास संस्थान के प्रतिनिधि, सरपंच रायकुबाई चौहान,रिंकी चौहान, सचिन,अनिल धनोरिया (रोजगार सहायक), आरजीएसए ब्लॉक समन्वयक मुलायम सिंह यादव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता तथा विभिन्न विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जोधपुर डिस्कॉम में निजीकरण के विरोध में संयुक्त संघर्ष समिति का बिगुल, प्रबंध निदेशक को सौंपा ज्ञापन



**चमकता राजस्थान/जोधपुर।** जोधपुर विद्युत वितरण निगम (डिस्कॉम) में प्रस्तावित निजीकरण के विरोध में आज संयुक्त संघर्ष समिति के तत्वावधान में सभी प्रमुख श्रम संगठनों के प्रतिनिधियों ने प्रबंध निदेशक (MD) से मुलाकात कर विस्तृत वार्ता की। इस दौरान समिति ने निजीकरण के प्रयासों का कड़ा विरोध जताते हुए ज्ञापन सौंपा और स्पष्ट किया कि यह निर्णय न तो कर्मचारियों के हित में है और न ही आम उपभोक्ताओं के।

समिति ने तकनीकी तथ्यों के आधार पर बताया कि जोधपुर डिस्कॉम ने पिछले दो वर्षों (2024-25 एवं 2025-26) में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी रैंकिंग में ऐतिहासिक सुधार किया है। निगम ने वित्तीय एवं तकनीकी घाटों में लगातार कमी दर्ज की है। सोलर और विंड ऊर्जा सहित उत्पादन एवं वितरण के सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। ऐसे में, जब सरकारी तंत्र के अंतर्गत कर्मचारी डिस्कॉम को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा रहे हैं, तब निजीकरण की दिशा में उठाया जा रहा कदम पूरी तरह तर्कहीन है और इससे कर्मचारियों व उपभोक्ताओं में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है।

संयुक्त संघर्ष समिति ने चेतावनी दी कि मार्च माह में कर्मचारी काली पट्टी बांधकर कार्य करेंगे और विरोध दर्ज कराएंगे। अप्रैल माह में जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन देकर उनका घेराव किया जाएगा तथा जिला व निगम प्रशासन के समक्ष बड़े स्तर पर प्रदर्शन किए जाएंगे। साथ ही 30 अप्रैल को जोधपुर डिस्कॉम मुख्यालय पर विशाल रैली और प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा।

# त्यौहारों के दृष्टिगत सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखें, जनसुनवाई में आयी पांच समस्याओं में से एक का हुआ तत्काल निस्तारण

चमकता राजस्थान



**अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** जनसुनवाई के दौरान आयी पांच समस्याओं में से तीन समस्याएं सफाई सम्बंधी रही, जिनमें से एक का तत्काल निस्तारण कराया गया। दो समस्याए सड़क पर खड़े पेड़ की टहनियां कटवाने व स्ट्रीट लाईट सम्बंधी रही। नगरायुक्त शिपू गिरि ने स्वास्थ्य विभाग को सफाई सम्बंधी समस्याओं का तत्काल निस्तारण कराने के आदेश देते हुए कहा कि आगामी त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखें। वार्ड 70 मौहल्ला काजी निवासी गौहर अली ने मौहल्ला काजी में स्कूल के पास साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर नगरायुक्त ने क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक व सफाई मित्र को भेजकर समस्या का समाधान करा दिया। इसके अतिरिक्त वार्ड 60 निवासी महमूद ने भैरव मंदिर चौकी के पास सफाई कराने के लिए तथा वार्ड 10 काजीपुरा निवासी शहजाद मलिक ने भी काजीपुरा में साफ सफाई के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर क्षेत्रीय सफाई निरीक्षकों को निरीक्षण कर समस्या का समाधान कराने के निर्देश दिए।

वार्ड 59 पुल जोगियान निवासी शफात हुसैन ने पुल जोगियान चकरोता रोड पर सड़क पर खड़े पेड़ों की टहनियां कटवाने के लिए तथा वार्ड 10 काजीपुरा निवासी शहजाद मलिक ने काजीपुरा नवादा रोड के पास लगी लाइटों को ठीक कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर सम्बंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान अपर नगरायुक्त मृत्युंजय, मुख्य अभियंता निर्माण सुरेश चंद, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार व सहायक नगरायुक्त जे पी यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पद्मश्री हुसैन बंधु ने भजन गायन और रजब अली भारती ने गज़ल गायकी से राजस्थान दिवस उत्सव में घोली सुरों की मिठास



**चमकता राजस्थान/जयपुर ।** राजस्थान दिवस के अवसर पर जवाहर कला केंद्र की ओर से विभिन्न अकादमियों के सहयोग से आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में सोमवार शाम 6 बजे से जवाहर कला केन्द्र के केन्द्र के रंगायन सभागार में पद्मश्री हुसैन बंधु (उस्ताद अहमद हुसैन एवं उस्ताद मोहम्मद हुसैन) ने भजन गायन और रजब अली भारती ने गीत एवं गजल की प्रस्तुति दी । जवाहर कला केंद्र की अतिरिक्त महानिदेशक डॉ. अनुराधा गोगिया ने कार्यक्रम में कलाकारों का शॉल उढाकर स्वागत किया। इस अवसर पर सिविल लाइन विधायक गोपाल शर्मा, गजल गायकी के सम्राट स्वर्गीय जगजीत सिंह के बड़े भाई जसवंत सिंह भी उपस्थित रहे। राजस्थान में जन्मे विश्वप्रसिद्ध ग़ज़ल गायक पद्मश्री उस्ताद अहमद हुसैन एवं उस्ताद मोहम्मद हुसैन ने शास्त्रीय संगीत आधारित 'गाइये गणपति जगवंदन, शंकर सुवन भवानी के नंदन' की सुमधुर प्रस्तुति दी। गोस्वामी तुलसीदास कृत उक्त स्तुति के साथ ही श्री राधागोविंद देव जी की स्तुति 'अब राधेरानी दे डारो बंसी मोरी' की भक्तिमय प्रस्तुति ने श्रोताओं को मन्त्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने 'चल मेरे साथ ही चल' गजल से भी सुरों की बानगी पेश की। इससे पूर्व कार्यक्रम के पहले चरण में इस खूबसूरत गजल गायकी की शाम का आगाज़ रजब अली भारती ने राजस्थान की सुप्रसिद्ध मांड 'केसरिया बालम' की प्रस्तुति के साथ हुआ।

### उदयपुर में एआईयू वेस्ट जोन वाइस चांसलर्स मीट का शुभारंभ

- आत्मनिर्भर भारत के लिए विश्वविद्यालयों की भूमिका महत्वपूर्ण : राज्यपाल
- बोलें: स्वदेशी सोच, शोध, नवाचार और कौशल विकास पर दिया जायें जोर



**चमकता राजस्थान/जयपुर (खलील कुरैशी) 18 मार्च।** जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ, डबोक परिसर में एआईयू वेस्ट जोन वा-इस चांसलर्स मीट 2025-26 का शुभारंभ हुआ। दो दिवसीय सम्मेलन में राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र के कुलपति भाग ले रहे हैं। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा के दौर में आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में विश्वविद्यालयों की भूमिका निर्णायक है। शिक्षा को उन्होंने राष्ट्र निर्माण का आधार बताते हुए स्वदेशी सोच, शोध, नवाचार और कौशल विकास पर जोर दिया। उन्होंने नई शिक्षा नीति के तहत भारतीय मूल्यों व आधुनिक तकनीक के समन्वय को आवश्यक बताते हुए युवाओं को रोजगार सृजन हेतु सक्षम बनाने का आ''ान किया। साथ ही, शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थी-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाने पर बल दिया।राज्यपाल ने रामायण प्रसंग का उल्लेख करते हुए शिक्षाविदों से युवाओं को उनकी क्षमता का बोध कराने की प्रेरणा दी और भारतीय ज्ञान परंपरा को आगे बढ़ाने की आवश्यकता जताई।

### खाद्य व्यापारियों व फूड हैंडलर्स को मिला स्वच्छता और सुरक्षा का प्रशिक्षण..

- प्रशिक्षण भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (ऋरुरअक), नई दिल्ली से अधिकृत एजेंसी के प्रतिनिधियों द्वारा दी गयी ट्रेनिंगः- डॉ. रवि शेखावत



**चमकता राजस्थान/जयपुर(खलील कुरैशी) जयपुर प्रथम ।** खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंगलवार को जयपुर प्रथम जिले में खाद्य व्यापारियों एवं फूड हैंडलर्स के लिए फोस्टेक (Food Safety Training & Certification) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण सामुदायिक केन्द्र, दूध मंडी, सुभाष नगर शॉपिंग सेंटर (शास्त्री नगर) तथा पतासे वालों की बगीची, मोती डूंगरी रोड, जयपुर में संपन्न हुआ।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि यह प्रशिक्षण भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (ऋरुरअक), नई दिल्ली से अधिकृत एजेंसी के प्रतिनिधियों द्वारा आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में कुल 1372 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।प्रशिक्षण में जिले के मिठाई विक्रेता, दुकानदार, अन्नपूर्णा रसोई के फूड हैंडलर्स, मिड-डे मील के कुक, आवासीय विद्यालयों के भोजन तैयार करने वाले कर्मचारी एवं राजीविका समूह के सदस्य सहित विभिन्न खाद्य व्यवसायियों को शामिल किया गया।कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को खाद्य सामग्री की स्वच्छता, सुरक्षित भंडारण, साफ-सफाई के मानक तथा गुणवत्तापूर्ण भोजन तैयार करने के नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही रीयूज्ड कुकिंग ऑयल (फ्रउड) के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया।खास तौर पर यह संदेश दिया गया कि तैयार भोजन, विशेषकर रोटी, को कभी भी अखबार या अन्य असुरक्षित कागज में पैक नहीं किया जाए।इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य खाद्य व्यवसायियों को जागरूक कर आमजन को सुरक्षित एवं स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराना है।

---

### वक्फ बोर्ड सदस्य मोहम्मद युसुफ खान 'सरवाड' के आवास पर हुआ भव्य आयोजन

# रोज़ा इफ्तार की रूहानी महफ़िल में गूंजा अमन-चैन भाईचारे और सौहार्द का पैग़ाम

### जनप्रतिनिधियों, उलेमा और समाजसेवियों रोजेदारों की रही गरिमामयी मौजूदगी

### रोज़ा तकवा, रहमतों, बरकतों एकजुटता और इंसानियत के उसूलों की मजबूती का प्रतीकः- रफीक खान

चमकता राजस्थान

**अजमेर (खलील कुरैशी) ।** माह-ए-रमज़ान की बरकतों और रहमतों के साये में वक्फ बोर्ड के सदस्य मोहम्मद युसुफ खान 'सरवाड' के आवास पर आयोजित रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम रूहानी माहौल और भाईचारे के जज़्बे के साथ संपन्न हुआ। इस मुक़द्दस मौके पर बड़ी संख्या में रोज़ेदारों, जनप्रतिनिधियों,उलेमा-ए-कराम एवं समाज के गणमान्य लोगों ने शिरकत कर इफ्तार की सादगी और अकीदत में भागीदारी निभाई। इफ्तार से पूर्व कुरआन-ए-पाक की तिलावत और दुआओं का सिलसिला हुआ, जिसमें मुल्क में अमन-ओ-चैन, खुशहाली, तरक्की, आपसी भाईचारा और सामाजिक सौहार्द के लिए ख़ास दुआएं मांगी गईं। रमज़ान के इस मुबारक मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने एकजुटता और इंसानियत के उसूलों को मजबूत करने का संकल्प भी लिया।





इन वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में रही रोजेदारों की मौजूदगी ने कार्यक्रम में आदर्श नगर विधायक रफीक खान, आरटीडीसी के पूर्व चेयरमैन धर्मेंद्र सिंह राठौड़, विधायक भीमराज भाटी, अजमेर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार जयपाल, डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी, पूर्व शिक्षा मंत्री नसीम अख्तर इंसाफ, महेंद्र सिंह रलावता, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष द्रौपदी कोली, पूर्व मेयर धर्मेंद्र गहलोत एवं पूर्व सभापति सुरेन्द्र सिंह शेखावत सहित अनेक जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।इसके साथ ही फखरे मोइन, शैलेन्द्र अग्रवाल, वाहिद अंगारा, सैयद सरवर चिश्ती, नोरत गुर्जर, सर्वेश पारीक, हेमंत जोधा, हमीद चीता, आरिफ खान, तनवीर गुर्जर सहित कई गणमान्य नागरिकों ने भी कार्यक्रम में शिरकत कर आयोजन की रौनक बढ़ाई।

- **मुल्क में अमन-चैन, शांति , तरक्की खूशहाली की हुई दुआएं**

रोज़ा इफ्तार के इस पाक मौके पर उलेमाओं ने मुल्क में अमन-चैन, शांति खूशहाली तरक्की की दुआएं करवायी सभी मेहमानों ने एक साथ बैठकर इफ्तार किया, जिससे आपसी मोहब्बत, भाईचारे और सामाजिक एकता का खूबसूरत संदेश समाज में प्रसारित हुआ। कार्यक्रम का माहौल पूरी तरह रूहानी, सादगीपूर्ण और आपसी सद्भाव से ओत-प्रोत रहा।

---

## गोनेर में जेडीए की बड़ी एवं कार्रवाईः 20 करोड़ की 6 बीघा सरकारी भूमि को कराया अतिक्रमण मुक्त

- अवैध कॉलोनी पर भी चला बुलडोजर, सड़क सीमाओं से हटाए अतिक्रमण
- सरकारी भूमि पर अतिक्रमण एवं अवैध कॉलोनियों के खिलाफ अभियान रहेगा निरंतर जारी :- डीआईजी आनंद शर्मा
- 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत विभिन्न जोनों में संयुक्त अभियानः- शिल्पा चौधरी

चमकता राजस्थान



**जयपुर (खलील कुरैशी)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के 'जीरो टॉलरेंस' एवं सुशासन के विजन के अनुरूप जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए गोनेर क्षेत्र में करीब 20 करोड़ रुपये मूल्य की 6 बीघा सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गयाजेडीए आयुक्त सिद्धार्थ महाजन के निर्देशों पर जोन-14 में रिंग रोड के पास स्थित भूमि पर खानाबदोशों द्वारा किए गए अतिक्रमण हटाए गए। यहां 11 स्थानों पर बनीझुग्गी-झोपड़ियां, टीनशेड, तंबू, दो पक्के मकान, कांटेदार बाड़ आदि को जेसीबी व मजदूरों की सहायता से हटाया गया।

- **अवैध कॉलोनी बसाने का प्रयास विफल**

गोनेर में ही करीब 3 बीघा निजी कृषि भूमि पर बिना स्वीकृति विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को प्रारंभिक स्तर पर ही ध्वस्त कर दिया गया। निर्माणाधीन सड़क, बाउंड्रीवाल व अन्य संरचनाएं हटाकर कॉलोनी बसाने की कोशिश नाकाम की गई।

- **अन्य क्षेत्रों में भी कार्रवाई तेज**

जोन-09 (टोंक रोड, इंडिया गेट): दुकानों के आगे लगे टीनशेड, ठेले, होर्डिंग आदि हटाकर सड़क सीमा को अतिक्रमण मुक्त किया गया, सामान जब्त।जोन-11 व 08 (मुहाना मंडी): सड़क किनारे पड़े कबाड़, जर्जर वाहन व अन्य अस्थाई अतिक्रमण हटाए गए।यह कार्रवाई मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन शिल्पा चौधरी के पर्यवेक्षण में विभिन्न जोनों के अधिकारियों, पुलिस, नगर निगम व प्रवर्तन दस्ते के संयुक्त सहयोग से संपन्न हुई।जेडीए ने स्पष्ट किया है कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण एवं अवैध कॉलोनियों के खिलाफ अभियान निरंतर जारी रहेगा, ताकि सुनियोजित शहरी विकास सुनिश्चित किया जा सके।

---

### विद्याधर नगर में होली स्नेह मिलन समारोह , उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने की शिरकत, हास्य कवि सम्मेलन ने बांधा समां



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** जयपुर के विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में इंडस्ट्रियल एरिया मैन्युफैक्चर्स एसोसिएशन, झोटवाड़ा द्वारा आयोजित होली स्नेह मिलन समारोह एवं हास्य कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शिरकत कर सभी उपस्थित नागरिकों, उद्यमियों और क्षेत्रवासियों को होली के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान आपसी सौहार्द, भाईचारे और सांस्कृतिक समरसता का माहौल देखने को मिला। हास्य कवियों की शानदार प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का भरपूर मनोरंजन किया और पूरे आयोजन को उत्साह और आनंद से भर दिया। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद गुप्ता, आलोक, वीरेंद्र, सुभाष, राजेंद्र, नरेश जाजु, प्रतीक जैन, सूर्यकांत और विपिन सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। साथ ही भाजपा मंडल अध्यक्ष, पार्षदगण, पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

### आयुक्त को दिया ज्ञापन



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी कच्ची बस्ती प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष भरत मेघवाल द्वारा जयपुर नगर निगम क्षेत्र की कच्ची बस्तियों के विकास, पुनः सर्वे एवं मूलभूत सुविधाओं (सड़क, नाली, पानी, सफाई) की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु आयुक्त को ज्ञापन दिया गया। साथ ही इरवढ फंड के उपयोग, लंबित पट्टा वितरण एवं कचरा निस्तारण की समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की गई।

---

## प्रदेश कांग्रेस को जमीनी स्तर पर मजबूती का प्रयासः संगठन विस्तार

### डोटासरा ने 5 जिलों में 13 नगर अध्यक्ष नियुक्त किए अलवर जिले पर विशेष फोकस

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) ने संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने के उद्देश्य से बड़ा कदम उठाते हुए 5 जिलों में 13 नए नगर अध्यक्षों की नियुक्ति की है। पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा द्वारा जारी सूची में अलवर जिले पर विशेष ध्यान दिया गया है, जहां सर्वाधिक नियुक्तियां की गई हैं।

- **इन चेहरों को मिली जिम्मेदारी**

अजमेर जिले के नसीराबाद में योगेश परिहार को नगर अध्यक्ष बनाया गया है। अलवर जिले में संगठन विस्तार के तहत नौगांव से गुलशन, गोविंदगढ़ से सुनील कुमार मिश्रा, रामगढ़ से दया किशन सैनी, बरोदा मेव से गौरीशंकर, बहादुरपुर से धीरज शर्मा और मालाखेड़ा से लालाराम सैनी को जिम्मेदारी सौंपी गई है।भीलवाड़ा जिले में बनेड़ा से भंवरलाल रेगर, रायला से अनिल कोगता और शाहपुरा से रमेश सेन को नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। डीडवाना-कुचामन जिले के कुचामन सिटी में सत्येंद्र सारस्वत को नेतृत्व सौंपा गया है। वहीं जोधपुर जिले में बिलाड़ा से गिरधारी लाल परिहार और बालेसर से संतोष सांखला को नगर अध्यक्ष बनाया गया है।

- **रणनीतिक दृष्टि से अहम कदम**

» इन नियुक्तियों को आगामी संगठनात्मक गतिविधियों और निकाय चुनावों की तैयारी के तौर पर देखा जा रहा है। डोटासरा का यह कदम संगठन को स्थानीय स्तर पर सक्रिय और सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

---

### राष्ट्रीय पुलिस गेम्स में 65 पदक जीतकर राजस्थान पुलिस ने बढ़ाया गौरव

# राजस्थान पुलिस के पदक विजेता खिलाड़ियों का पुलिस मुख्यालय में भव्य सम्मान

- पुलिस महानिदेशक राजस्थान राजीव कुमार शर्मा ने दी शुभकामनाएं

चमकता राजस्थान





**जयपुर(खलील कुरैशी) दिनांक 17 मार्च।** पुलिस मुख्यालय में वर्ष 2025-26 के दौरान राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिस खिलाड़ियों के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न राज्यों एवं केन्द्रीय बलों द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पुलिस गेम्स में पदक अर्जित करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा ने खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी तथा भविष्य में भी इसी तरह प्रदेश और विभाग का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दीं।

**65 पदकों के साथ शानदार प्रदर्शन**

» राजस्थान पुलिस के मुख्य खेल अधिकारी अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस रूपिन्दर सिंघ ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2025–26 में आयोजित प्रतियोगिताओं में राजस्थान पुलिस के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 22 स्वर्ण, 27 रजत एवं 16 कांस्य पदक सहित कुल 65 पदक अर्जित किए हैं। इसके साथ ही विभिन्न ट्रॉफियां भी अपने नाम की हैं, जिससे प्रदेश का मान बढ़ा है।

- **65 पदकों के साथ शानदार प्रदर्शन**

» राजस्थान पुलिस के मुख्य खेल अधिकारी अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस रूपिन्दर सिंघ ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2025–26 में आयोजित प्रतियोगिताओं में राजस्थान पुलिस के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 22 स्वर्ण, 27 रजत एवं 16 कांस्य पदक सहित कुल 65 पदक अर्जित किए हैं। इसके साथ ही विभिन्न ट्रॉफियां भी अपने नाम की हैं, जिससे प्रदेश का मान बढ़ा है।

बोलें:कौशल, शिक्षा और उद्यमिता से सशक्त हो रहा युवा वर्ग

# राजस्थान दिवस पर टैगोर इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित हुआ 'राजस्थान युवा शक्ति दिवस' कार्यक्रम

## युवा शक्तिः विकसित भारत - विकसित राजस्थान की आधारशिला:- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

चमकता राजस्थान



**जयपुर।( खलील कुरैशी)** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि युवा राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत हैं और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में उनकी भूमिका निर्णायक है। उन्होंने कहा कि भारत विश्व की सबसे बड़ी युवा आबादी वाले देशों में अग्रणी है और यदि युवाओं की ऊर्जा, नवाचार व प्रतिभा का समुचित उपयोग किया जाए तो देश वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर हो सकता है।राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में मानसरोवर स्थित टैगोर इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित 'राजस्थान युवा शक्ति दिवस' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार युवाओं के सपनों को साकार करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे परिश्रम, अनुशासन और कौशल विकास को अपनाकर अपने भविष्य को सशक्त बनाएं सरकार हर कदम पर उनके साथ खड़ी है।

### बजट 2026-27 में युवाओं के लिए विशेष प्रावधान

मुख्यमंत्री शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार ने वर्ष 2026-27 के बजट में युवाओं के सशक्तीकरण को प्राथमिकता दी है।जनजातीय क्षेत्रों के 5,000 युवाओं को स्वरोजगार हेतु ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। कौशल विकास कार्यक्रमों का विस्तार कर युवाओं को उद्योगों की मांग के अनुरूप प्रशिक्षित किया जाएगा। स्टार्टअप्स और नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए वित्तीय व तकनीकी सहयोग बढ़ाया जाएगा।

### युवाओं को कौशल और स्टार्टअप को प्रोत्साहन

मुख्यमंत्री ने 9,432 युवाओं को कौशल उन्नयन प्रमाण पत्र वितरित किए, जिससे उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। साथ ही, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देते हुए 403 स्टार्टअप्स को वायबिलिटी गैप फंड के तहत 11.45 करोड़ रुपये के चेक प्रदान किए गए। उन्होंने कहा कि राज्य की युवा नीति उद्यमिता को नई दिशा दे रही है और स्टार्टअपइकोसिस्टम को मजबूत कर रही है, जिससे युवा आत्मनिर्भर बन रहे हैं।

### 485 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण - शिलान्यास

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमिता से जुड़े लगभग 485 करोड़ रुपये की लागत वाले विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं से प्रदेश में युवाओं के लिए प्रशिक्षण, रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

### प्रधानमंत्री के नेतृत्व में समावेशी विकास

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 के बाद देश में व्यापक और ऐतिहासिक परिवर्तन हुए हैं। केंद्र सरकार किसान, युवा, महिला और मजदूर—इन चारों वर्गों के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है, जिससे देश की सामाजिक-आर्थिक संरचना मजबूत हो रही है।

### युवाओं से आह्वान

मुख्यमंत्री ने युवाओं से कहा कि वे अपनी प्रतिभा, ऊर्जा और नवाचार की शक्ति का उपयोग कर प्रदेश और देश को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएं। उन्होंने विश्वास जताया कि युवा शक्ति के सहयोग से विकसित भारतझविकसित राजस्थान का सपना शीघ्र ही साकार होगा।यह कार्यक्रम न केवल युवाओं के सम्मान और प्रोत्साहन का मंच बना, बल्कि राज्य सरकार की युवा-केंद्रित नीतियों और दूरदर्शी सोच का भी सशक्त संदेश लेकर आया।

---

## संक्षिप्त समाचार

### ईमानदारी की मिसालः जालूपुरा थाने के कांस्टेबल कमलेश कुमार ने लौटाया 60 हजार रुपये से भरा पर्स

- **रात्रि गश्त के दौरान मिला गुमशुदा पर्स, दम्पति को सुरक्षित सुपुर्द**
- **कांस्टेबल इस ईमानदार और सराहनीय कार्य से आमजन में पुलिस की सकारात्मक छवि हुई मजबूत:- डीसीपी करण शर्मा**



**चमकता राजस्थान/जयपुर!(खलील कुरैशी) 17 मार्च।** पुलिस थाना जालूपुरा के कांस्टेबल कमलेश कुमार ने अपनी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा का सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।पुलिस उपायुक्त उत्तर करण शर्मा के अनुसार, 16 मार्च की रात करीब 11:30 बजे 112 ईआर टीम रात्रि गश्त पर थी। इसी दौरान पुलिस नियंत्रण कक्ष से सूचना मिली कि मुरैना (मध्यप्रदेश) निवासी छोटू नामक व्यक्ति का पर्स, जिसमें लगभग 50-60 हजार रुपये नगद थे, वनस्थली मार्ग पर गुम हो गया है।सूचना मिलते ही कांस्टेबल कमलेश कुमार (बेल्ट नं. 10697) चालक के साथ मौके पर पहुंचे और पीड़ित से जानकारी ली। पीड़ित ने बताया कि वह सिंधी कैंप से निजी बस में बैठने के लिए वनस्थली मार्ग जा रहे थे, तभी उनकी पत्नी का पर्स रास्ते में कहीं गिर गया।कांस्टेबल कमलेश कुमार ने तत्परता दिखाते हुए सघन जांच शुरू की। बस में यात्रा कर रहे यात्रियों से पूछताछ के साथ-साथ संभावित स्थानों पर तलाश की गई। अंततः खाटूश्याम मंदिर के पास सड़क किनारे गुमशुदा पर्स बरामद हुआ।पुलिस ने दम्पति से पर्स में रखी राशि की पहचान करवाई, जिसके बाद पर्स को सुरक्षित पुलिस थाना जालूपुरा लाकर संबंधित दम्पति को सुपुर्द कर दिया गया।कांस्टेबल कमलेश कुमार के इस ईमानदार और सराहनीय कार्य से आमजन में पुलिस की सकारात्मक छवि मजबूत हुई है। उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए 11,000 रुपये नकद पुरस्कार एवं प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

---

अलवर में एसीबी की बड़ी कार्रवाईः

## तहसीलदार व दलाल 1.50 लाख रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

चमकता राजस्थान





**जयपुर(खलील कुरैशी) 17 मार्च 2026।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने अलवर में बड़ी कार्रवाई करते हुए गोविन्दगढ़ तहसीलदार बसन्त कुमार परसोया और उनके दलाल रवि उर्फ रिंकू को 1.50 लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

- **मामले का विवरणः**

एसीबी को शिकायत मिली थी कि परिवादी की मौसी की जमीन वसीयत के आधार पर उसके नाम दर्ज करने के लिए तहसीलदार द्वारा दलाल के माध्यम से 5 लाख रुपये की रिश्वत मांगी जा रही है। उपखंड अधिकारी के आदेश के बावजूद फाइल लंबित रखकर परिवादी को परेशान किया जा रहा था।

- **सत्यापन में खुलासाः**

13 मार्च 2026 को सत्यापन के दौरान यह सामने आया कि आरोपी तहसीलदार ने दलाल के जरिए 3.50 लाख रुपये में सौदा तय किया।

- **ट्रैप कार्रवाईः**

एसीबी टीम ने उप महानिरीक्षक अनिल कयाल के सुपरवीजन में ट्रैप कार्रवाई करते हुए दलाल रवि उर्फ रिंकू को पहली किस्त 1.50 लाख रुपये लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। इसके बाद तहसीलदार बसन्त परसोया को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

- **आगे की कार्रवाईः**

एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपियों से पूछताछ जारी है। मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच आगे बढ़ाई जा रही है।

---

## 1700 क्विंटल से ज्यादा गेहूं बाजार में बेचने का खुलासा, ट्रांसपोर्टर पर केस दर्ज

- **53 लाख रुपए के राशन गेहूं की हेराफेरी,**
- **फर्म मेसर्स भरतलाल शिवसहाय एंड संस के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर किया गया ब्लैकलिस्ट**

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की विजिलेंस टीम ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली (ढ्रऊ) में बड़े घोटाले का पर्दाफाश किया है। जयपुर जिले में राशन दुकानों के लिए आवंटित 1700 क्विंटल से अधिक गेहूं को बाजार में बेचने का मामला सामने आया है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 53 लाख रुपए बताई जा रही है।इस मामले में परिवहन करने वाली फर्म मेसर्स भरतलाल शिवसहाय एंड संस के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

- **राशन दुकानों की जगह बाजार में खपाया गेहूं**

विभागीय रिपोर्ट के अनुसार, फरवरी माह में जयपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों—चौमू, चाकसू, जालसू, आमेर, आंधी, जमवारामगढ़, बस्सी और झोटवाड़ा—की 34 उचित मूल्य दुकानों के लिए कुल 1779 क्विंटल गेहूं आवंटित किया गया था।लेकिन सप्लाई करने के बजाय ट्रांसपोर्टर ने इस गेहूं को खुले बाजार में बेच दिया। समय पर गेहूं नहीं पहुंचने पर दुकानदारों ने विभाग को शिकायत दी, जिसके बाद जांच शुरू हुई।

- **जांच में खुला पूरा खेल**

शिकायत के बाद विभाग ने चार सदस्यीय विजिलेंस टीम गठित की। जांच के दौरान सामने आया कि ट्रांसपोर्टर ने गड़बड़ी छुपाने के लिए मार्च माह के आवंटन में से 1311 क्विंटल गेहूं दुकानों पर पहुंचाकर उसे फरवरी की आपूर्ति दर्शा दिया।मौके पर रिकॉर्ड की जांच और दुकानों के सत्यापन में पूरी हेराफेरी उजागर हो गई।

- **ऐसे की गई हेराफेरी**

अधिकारियों के अनुसार, सप्लायर ने पूरी मात्रा एक साथ गायब करने के बजाय अलग-अलग हिस्सों में गेहूं निकालकर बाजार में बेचा, ताकि गड़बड़ी आसानी से पकड़ में न आए।

- **वसूली और सख्त कार्रवाई के आदेश**

मामले की पुष्टि होने के बाद विभाग ने संबंधित फर्म के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई करीब 53 लाख रुपए की वसूली के आदेश जारी किए फर्म को ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया शुरू की अधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि मामले में अन्य संबंधित पक्षों की भूमिका की भी जांच की जा रही है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

---

## जयपुर व्यापार महासंघ ने डीजीपी राजीव शर्मा का किया आत्मीय अभिनंदन

- **व्यापारिक सुरक्षा, तकनीकी निगरानी और यातायात सुधार पर हुई अहम चर्चा**



**चमकता राजस्थान/जयपुर!(खलील कुरैशी) 17 मार्च।** राजधानी जयपुर में व्यापारिक सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जयपुर व्यापार महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने महानिदेशक पुलिस (डीजीपी) राजीव शर्मा से पुलिस मुख्यालय में शिष्टाचार भेंट की। अध्यक्ष सुभाष गोयल के नेतृत्व में हुए इस संवाद में व्यापारियों ने डीजीपी के कार्यभार संभालने के बाद आए सकारात्मक बदलावों की सराहना करते हुए अभिनंदन किया।प्रतिनिधिमंडल ने सौंपे ज्ञापन में कहा कि डीजीपी शर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने अपराधियों में भय और आमजन, विशेषकर व्यापारियों में विश्वास का माहौल मजबूत किया है, जिससे शहर का व्यापारिक वातावरण अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित हुआ है।

- **सुरक्षा व संवाद के लिए 3 सूत्रीय प्रस्ताव**

महासंघ ने शहर को वैश्विक स्तर की सुविधाओं से जोड़ने के लिए तीन प्रमुख सुझाव दिए पुलिस-व्यापारी समन्वय समितिः डीसीपी/एसीपी स्तर पर नियमित मासिक या त्रैमासिक बैठकें कर संवाद बढ़ाने का प्रस्ताव।

**हाई-टेक निगरानीः** परकोटा और प्रमुख बाजारों में एकीकृत सीसीटीवी नेटवर्क, सेंट्रल मॉनिटरिंग और साइबर क्राइम से बचाव हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम।

**यातायात व पार्किंग समाधानः** ई-रिक्शा व ऑटो के लिए निर्धारित रूट, यातायात दबाव नियंत्रण तथा बड़ी चौपड़ पर 1500 कारों की भूमिगत पार्किंग शीघ्र शुरू कराने की मांग।

- **डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने ने दिये त्वरित आवश्यक दिशा-निर्देश**

डीजीपी राजीव शर्मा ने व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।साइबर क्राइम से बचाव हेतु प्रशिक्षण व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के लिए डीआईजी साइबर क्राइम शांतनु कुमार सिंह को निर्देशित किया।डीसीपी नॉर्थ को व्यापारिक सुरक्षा व यातायात प्रबंधन सुधार के लिए समिति बैठक आयोजित कर त्वरित कार्यवाही करने को कहा।उन्होंने विश्वास दिलाया कि पुलिस और व्यापारियों के बीच बेहतर समन्वय से जयपुर को अपराध मुक्त और व्यवस्थित शहर बनाने में महत्वपूर्ण सफलता मिलेगी।

- **व्यापार महासंघ के ये पदाधिकारी रहें मौजूद**

बैठक में महासंघ के पदाधिकारी सुभाष गोयल, हरीश केडिया, सुरेश सैनी, सुरेंद्र कुमार बज, सचिन गुप्ता, विजय अग्रवाल और संतोष विजय उपस्थित रहे।

---

आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देशानुसार नगर निगम जयपुर ने की प्रभावी कार्यवाही

## नगरीय विकास कर बकाया होने पर मुरलीपुरा जोन में 6 सम्पत्तियों को किया कुर्क

चमकता राजस्थान



**जयपुर!(खलील कुरैशी) 17 मार्च।** नगर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देशानुसार उपायुक्त मुरलीपुरा जोन पवन कुमार शर्मा नेतृत्व में मंगलवार को 6 सम्पत्तियों के नगरीय विकास कर बकाया होने पर कुर्क की कार्यवाही की गई जिसमें 5 सम्पत्तिधारकों द्वारा 20 लाख 30 हजार 355 रूपये की राशि मौके पर ही जमा करवाया एवं 1 सम्पत्ति को कुर्क किया गया। कार्यवाही के दौरान राजस्व अधिकारी मुरलीपुरा जोन संगीता जैन, राजस्व निरीक्षक अरविन्द सैनी एवं सहायक राजस्व निरीक्षक शिवम सिसोदिया एवं राजस्व टीम मौजूद रही। उपायुक्त मुरलीपुरा जोन पवन कुमार शर्मा ने बताया कि नगरीय विकास कर बकाया होने पर 5 सम्पत्ति धारकों द्वारा मौके पर ही आर.टी.जी.एस. एवं चैक के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा वर्तमान में ब्याज/पैनल्टी पर देय छूट का लाभ लेते हुए अपनी सम्पत्ति के बकाया नगरीय विकास कर राषि 20 लाख 30 हजार 355 रूपये निगम कोष में जमा करवाई गई। प्रकाश पब्लिक स्कूल गणेष नगर निवारू लिंक रोड़, 200 फीट बाईपास पर 10 लाख 22 हजार 681 रूपये बकाया नगरीय विकास कर होने पर सम्पत्ति कुर्क की गई।

### कार्यवाही के दौरान मौके पर ही 5 बकायादारों द्वारा 20 लाख 30 हजार 355 रूपये करवाये जमा

## संक्षिप्त समाचार

### फलोदी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित



**चमकता राजस्थान/अनिल सैन/ फलोदी।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यशाला महाभियान के तहत शहर मंडल फलोदी की कार्यशाला शहर मंडल कार्यालय में आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवप्रकाश पंचारिया ने की।

कार्यक्रम संयोजक एवं भाजयुमो जिला महामंत्री मोती पुरोहित ने बताया कि कार्यशाला का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं भारत माता के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यशाला में शहर मंडल के सभी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई। मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष ओम बोहरा, ''मन की बात'' कार्यक्रम के जिला संयोजक शिवकुमार व्यास एवं वरिष्ठ भाजपा नेता व वर्तमान पार्षद नरेंद्र सिंह शेखावत ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए संगठन की विचारधारा एवं आगामी कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला।

अध्यक्ष शिवप्रकाश पंचारिया ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन एवं उनके सिद्धांतों पर अपने विचार रखते हुए कार्यकर्ताओं को उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया।

कार्यशाला में शिवप्रकाश पंचारिया, नरेंद्र सिंह शेखावत, ओम बोहरा, शिवकुमार व्यास, जसवंत सोनी, मोती पुरोहित, हरीश दवे, निशा, आचार्य विमला सुथार, चन्द्रकला बोहरा, तिलोक प्रजापत, देवकिशन सोनी, लक्ष्मी नारायण व्यास, सौरभ बोहरा, जगदीश मेघवाल, मूलचंद जोशी, गोपाल रंगा, राजेन्द्र भार्गव, दिलीप छंगाणी, जगदीश पालीवाल, हितेश थानवी, हरीकिशन माली, दिनदयाल माली सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### फलोदी में एनएसएस विशेष शिविरः स्वच्छता, सहभागिता और राष्ट्रसेवा का दिया संदेश



**चमकता राजस्थान/अनिल सैन/फलोदी।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, फलोदी में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के विशेष शिविर के अंतर्गत मंगलवार को स्वयंसेवकों ने उत्साह, अनुशासन और सेवा भावना के साथ विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय परिसर में वाटिका के लिए चयनित स्थान की साफ-सफाई से हुई। स्वयंसेवकों ने श्रमदान करते हुए परिसर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाया। इसके साथ ही विद्यालय वाचनालय के आसपास भी विशेष सफाई अभियान चलाया गया, जिससे अध्ययन का वातावरण और अधिक स्वच्छ व प्रेरणादायक बन सके। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने लक्ष्य गीत प्रस्तुत कर देशभक्ति का संदेश दिया। वहीं अंत्याक्षरी सहित अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिससे पूरे शिविर में उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा।

इस अवसर पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मालियों का वास के प्रधानाचार्य घेवर राम चौहान ने आशु भाषण देते हुए स्वयंसेवकों को राष्ट्रसेवा एवं समर्पण की भावना से कार्य करने का आ''ान किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने का सशक्त माध्यम है।

दिनभर आयोजित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्वयंसेवकों ने स्वच्छता, सेवा और सामूहिक सहभागिता का प्रेरणादायक संदेश दिया। समग्र रूप से शिविर का यह दिवस सफल एवं प्रेरणादायक रहा।

### भाजपा शहर मंडल की दो दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न



**चमकता राजस्थान/अनिल सैन /फलोदी।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार आयोजित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यशाला महाभियान के तहत फलोदी शहर मंडल की दो दिवसीय कार्यशाला 16-17 मार्च को सम्पन्न हुई। यह कार्यशाला शहर मंडल कार्यालय में अध्यक्ष शिवप्रकाश पंचारिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

कार्यक्रम संयोजक मोती पुरोहित ने बताया कि दूसरे दिन की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। कार्यशाला में मुख्य वक्ता सुनील व्यास एवं जिला मंत्री चतुर्भुज सोनी ने अपने विचार रखे। सुनील व्यास ने भाजपा परिवार की कार्य पद्धति पर प्रकाश डाला, वहीं चतुर्भुज सोनी ने सोशल मीडिया और सरल ऐप के उपयोग पर जानकारी दी।

कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष शिवप्रकाश पंचारिया ने राष्ट्रगान के साथ सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर हरीश दवे, जगदीश मेघवाल, देवकिशन सोनी, जसवंत सोनी, विमला सुथार, निसा आचार्य, मोती जीनगर, लक्ष्मीनारायण व्यास, जुगल गुचिया सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 20 मार्च को झंडा-नेजा की रस्म से शुरुआत

# पीर की जाल में उर्स मेले की तैयारियां जोरों पर

## 20 से 30 मार्च तक दरगाह पर जुटेंगे हजारों जायरीन

चमकता राजस्थान

कयूम खान /जालौर /सांचोर। सांचोर उपखंड मुख्यालय से करीब 7 किलोमीटर दूर स्थित प्रसिद्ध दरगाह हजरत मकदूम पीर दादा अह्लनशाह रहमतुल्लाह अलैह की जाल पर इस वर्ष का वार्षिक उर्स मेला 20 मार्च से 30 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। उर्स को लेकर दरगाह परिसर में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इंतजामिया कमेटी की ओर से देश-विदेश से आने वाले जायरीन के स्वागत और सुविधाओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

दरगाह इंतजामिया वक्फ कमेटी के खादीम एडवोकेट इब्राहिम शाह जुनेजा ने बताया कि उर्स की शुरुआत 20 मार्च को सुबह 9 बजे झंडा-नेजा की रस्म के साथ होगी। इसके बाद लगातार धार्मिक कार्यक्रमों का सिलसिला चलता रहेगा और 30 मार्च को मेले का समापन किया जाएगा।



- **कौमी एकता की मिसाल है दरगाह**

दरगाह हजरत मकदूम पीर दादा अह्लनशाह रहमतुल्लाह अलैह लंबे समय से कौमी एकता और भाईचारे की प्रतीक रही है। यहां हर साल देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ विदेशों से भी बड़ी संख्या में जायरीन जियारत के लिए पहुंचते हैं। श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं लेकर दरगाह पर आते हैं और दुआ मांगते हैं।

- **जायरीनों के लिए विशेष व्यवस्थाएं**

उर्स मेले के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं के लिए दरगाह इंतजामिया वक्फ कमेटी द्वारा लंगर, पेयजल और चिकित्सा जैसी आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है। मेले के दौरान प्रतिदिन दो बार लंगर का आयोजन होगा, जिसमें जायरीनों को भोजन कराया जाएगा। इसके अलावा रोशनी, पेयजल और चिकित्सा सुविधाओं का भी विशेष प्रबंध किया जा रहा है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन भी सतर्क रहेगा और मेले के प्रमुख स्थानों पर पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे।

- **रोजाना होंगे उलमाओं के बयान और सूफियाना कव्वालियां***

उर्स के दौरान हर दिन ईशा की नमाज के बाद उलमा-ए-किराम के बयान आयोजित किए जाएंगे, जिनमें इस्लामी शिक्षाओं और सूफी परंपरा पर प्रकाश डाला जाएगा। साथ ही सूफियाना कव्वालियों का भी आयोजन होगा, जिससे जायरीन आध्यात्मिक माहौल का आनंद ले सकेंगे।

### रणथम्भौर बाघ रक्षक कार्यक्रम में ग्रामीणों को वन्यजीव संरक्षण के प्रति किया जागरूक



**चमकता राजस्थान/राकेश अग्रवाल/सवाई माधोपुर।** रणथम्भौर टाइगर रिजर्व प्रशासन द्वारा संचालित 'रणथम्भौर बाघ रक्षक कार्यक्रम' के तहत ग्रामीण समुदायों को वन्यजीव एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में बसो कलां ग्राम में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों को वन एवं वन्यजीवों के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) एवं क्षेत्र निदेशक शरदा प्रताप सिंह तथा उप वन संरक्षक एवं उप क्षेत्र निदेशक प्रथम मानस सिंह के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में ग्रामीणों को विभिन्न वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास, उनके व्यवहार तथा जंगलों के पर्यावरणीय महत्व के बारे में जागरूक किया गया। उन्हें बताया कि वन न केवल वन्यजीवों के लिए, बल्कि मानव जीवन के लिए भी अत्यंत आवश्यक हैं, क्योंकि वे पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, वर्षा चक्र को प्रभावित करने और स्वच्छ वायु प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उप वन संरक्षक मानस सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय को संरक्षण प्रयासों से जोड़ना, प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना तथा वन्यजीव संरक्षण में जनभागीदारी सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के दौरान प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्प्रभावों, मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व तथा वन संरक्षण में समुदाय की भूमिका पर भी विशेष चर्चा की गई। ग्रामीणों को वन एवं वन्यजीव संरक्षण संबंधी बुकलेट, स्टीकर वितरित किए गए तथा प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए जूट के कैरी बैग प्रदान किए गए। इसके पश्चात प्रतिभागियों को रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान का भ्रमण करवाकर वन्यजीवों, पक्षियों एवं प्राकृतिक संपदा के संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

### मुख्यमंत्री धामी ने किया स्मारिका ''प्रयास बेहतर कल के लिए'' का विमोचन



**चमकता राजस्थान/देहरादून। (दीपक शर्मा बामनवास)** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज सचिवालय में उत्तराखण्ड सचिवालय बैडमिंटन क्लब द्वारा प्रकाशित स्मारिका ''प्रयास बेहतर कल के लिए'' का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने स्मारिका के प्रकाशन हेतु क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल न केवल खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करती हैं, बल्कि सकारात्मक कार्य संस्कृति के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल मानव जीवन में अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने सचिवालय कर्मियों से नियमित रूप से खेल गतिविधियों में भाग लेने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य सुदृढ़ होता है, जिसका सकारात्मक प्रभाव कार्यकुशलता पर भी पड़ता है। उन्होंने स्मारिका में प्रकाशित लेखों, उपलब्धियों एवं गतिविधियों की सराहना करते हुए आशा व्यक्त की कि यह प्रकाशन आने वाले समय में और अधिक लोगों को खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगा।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर. के सुधांशु, सचिव विनय शंकर पांडेय, उत्तराखण्ड सचिवालय बैडमिंटन क्लब के अध्यक्ष हीरा सिंह बसेड़ा, प्रधान संपादक भूपेंद्र सिंह बसेड़ा, महासचिव प्रमोद कुमार, कोषाध्यक्ष चंदन बिष्ट,संयुक्त सचिव पुष्कर सिंह नेगी, सदस्य चंद्रशेखर,रंजीत सिंह,दीपक बिष्ट, विमला आर्या, दीपा बोहरा और संदीप कुमार मौजूद थे।

### मेड़ता रोड थाना अधिकारी सत्यनारायण चौधरी को भावभीनी विदाई,

- **किशनगढ़ तबादले पर नागरिकों ने जताया आभार।**



**चमकता राजस्थान/मेड़ता रोड/एजाज़ अहमद उस्मानी।** मेड़ता रोड में थाना अधिकारी सत्यनारायण चौधरी के किशनगढ़ तबादले के अवसर पर एक भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।समारोह में मेड़ता पुलिस उपाधीक्षक रामकरण सिंह मलिंडा, गोटन थानाधिकारी सुरेश सहित पुलिस स्टाफ और क्षेत्र के प्रतिष्ठित नागरिकों ने भाग लिया। सभी ने चौधरी के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके कार्यों को याद किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।वक्ताओं ने कहा कि सत्यनारायण चौधरी ने अपने कार्यकाल के दौरान क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण रहा और आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई। उनकी कार्यशैली, सख्ती और जनता के प्रति संवेदनशीलता को विशेष रूप से सराहा गया।

ज्ञात हो कि हाल ही में पुलिस विभाग में बड़े स्तर पर तबादले किए गए हैं, जिसके तहत सत्यनारायण चौधरी का स्थानांतरण मेड़ता रोड से किशनगढ़ किया गया है। इस बदलाव के बावजूद क्षेत्र के लोगों में उनके प्रति सम्मान और स्नेह साफ तौर पर देखा गया।

कार्यक्रम के अंत में सभी ने उन्हें भावभीनी विदाई दी और उनके नए कार्यक्षेत्र में भी इसी तरह उत्कृष्ट सेवाएं देने की उम्मीद जताई है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) कार्यकारी संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929